दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 11 अंक : 104 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, रविवार 03 मई, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162

# परंपरागत कामगारों के सशक्तिकरण, भलाई और विकास के लिए प्रतिबद्ध है हमारी सरकार : सीएम भजनलाल शर्मा

## प्रदेश के कुम्हार, प्रजापत और कुमावत समाज के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात करके समाज के विकास और कल्याण के लिए बजट में की गई घोषणाओं के लिए आभार जताया, मुख्यमंत्री शर्मा ने 'माटी री राजस्थान' पुस्तक का किया विमोचन







जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के कुम्हार,कुमावत और प्रजापत समाज के प्रबुद्ध जन और इन समाजों के सभी संगठन प्रदेश की भजनलाल सरकार की ओर से समाज के कल्याण और विकास के लिए किए गए प्रयासों और उपायों से काफी खुश है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से अब तक जो बजट प्रस्तुत किए गए उन बजट में प्रदेश के परंपरागत छोटे-छोटे कुटीर उद्योगों और परंपरागत कामगारों के सशक्तिकरण भलाई और विकास के लिए आवंटित की गई बजट की राशि को लेकर भी इन सभी समाजों के प्रबुद्धजन काफी खुश और उत्साहित हैं तथा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को एक सच्चे जनसेवक के रूप में मान रहे हैं । इसी क्रम में शनिवार को कुम्हार प्रजापत और कुमावत समाज के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात की और समाज के सशक्तिकरण और विकास के लिए बजट में की गई घोषणाओं को लेकर मुख्यमंत्री शर्मा का गहरा आभार भी जताया। इस मौके पर पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद राय और इन तीनों समाजों के प्रतिनिधिमंडल मौजूद रहे। इस मौके पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 'माटी री राजस्थान' पुस्तक का विमोचन किया इस मौके पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इन सभी समाज के प्रतिनिधि मंडल को विश्वास दिलाया कि सरकार परंपरागत कामगार और प्रदेश के छोटे-छोटे परंपरागत कुटीर उद्योग धंधों को बढ़ावा देने के लिए अपनी ओर से कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेगी उन्होंने कहा कि परंपरागत कामगारों के सशक्तिकरण और उनकी भलाई विकास के लिए हमारी सरकार दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के परंपरागत कामगारों के हुनर और कला को भारत वर्ष में ही नहीं बल्कि वैश्विक स्तर पर अलग पहचान दिलाने की दिशा में भी हम तेजी से प्रयास कर रहे हैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि परंपरागत छोटे-छोटे उद्योग धंधे राजस्थान की कला संस्कृति और विरासत के प्रतीक हैं जिसमें मिट्टी की मूर्तियां और मिट्टी के बर्तन इत्यादि राजस्थानी शैली के अभिन्न अंग रहे हैं और देश तथा विदेश के पर्यटक भी मिट्टी से बने खिलौने और मिट्टी से बने बर्तन मूर्तियां इत्यादि को काफी पसंद करते हैं इसलिए सरकार की कोशिश है कि मिट्टी से बने तमाम तरह के उत्पाद को भारत वर्ष और वैश्विक स्तर पर लोकप्रिय बनाने के लिए भी प्रयासरत है उन्होंने कहा कि इसके लिए ज्यादा से ज्यादा प्रदर्शनियां, हॉट बाजार और ज्यादा से ज्यादा मेले देश और विदेशों में लगाकर मिट्टी के उत्पाद का प्रचार प्रसार करके और लोकप्रिय बनाएं इसके लिए सरकार भी पूरी तरह से कामगारों के साथ खड़ी है और हर तरह से सरकार सहयोग करने के लिए तैयार है जानकार लोगों का कहना है कि राजस्थान में परंपरागत कामगारों की ओर से तैयार किया जा रहे मिट्टी के बर्तन खिलौने, मूर्तियां सालों से ही लोगों की पसंद रही है। आकर्षक डिजाइन और आकर्षक कलाकृतियों के माध्यम से जिस तरह से प्रदेश के कामगार बर्तन खिलौने और मूर्तियां तैयार करते हैं उन्हें देश और विदेश का पर्यटक काफी देर तक देखा ही रहता है और इन उत्पाद को अपने घर ले जाने के लिए भी सोचता रहता है उल्लेखनीय है कि प्रदेश के पाली जालौर इत्यादि जिले में तैयार किया जा रहे मिट्टी के चाय के कप अब इंडियन रेलवे में भी शोभा बढ़ा रहे हैं और राजस्थान के कामगारों की ओर से तैयार किया जा रहे मिट्टी के कप रेल यात्रियों को भी काफी पसंद आ रहे हैं इनमें चाय पीने का एक अलग ही स्वाद आता है जो रेल यात्रियों को काफी पसंद आ रहा है विदेशी पर्यटक भी ट्रेन में सफर के दौरान मिट्टी के इन कप में ही चाय पीना ज्यादा लाइक करते हैं । इसके अलावा राजधानी जयपुर जोधपुर उदयपुर कोटा पाली भीलवाड़ा चित्तौड़गढ़ अजमेर इत्यादि सभी बड़े शहरों में बड़े-बड़े शोरूम मालिक भी मिट्टी से तैयार किए गए आकर्षक विभिन्न डिजाइन के बर्तन खिलौने और मूर्तियों को देश और विदेशी पर्यटकों को लुभाने के लिए रखते हैं जिन्हें पर्यटक काफी पसंद भी करते हैं इन सब बातों से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी बहुत अच्छी तरह से वाकिफ हैं इसीलिए परंपरागत कामगारों के सशक्तिकरण से न केवल परंपरागत कामगारों के परिवारों और मजदूरों का भला हो रहा है बल्कि प्रदेश के कारोबार को भी गति मिल रही है और कहीं ना कहीं रोजगार के अवसर भी पैदा हो रहे हैं इसलिए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा प्रदेश के परंपरागत छोटे-छोटे कुटीर उद्योग धंधों को विकसित बनाने में पूरे प्रयास से जुटे हुए हैं इसीलिए शनिवार को प्रजापत कुमावत और कुम्हार समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का गहरा आभार प्रकट किया और उनके कार्यों की जमकर प्रशंसा की।

# रिफाइनरी का लोकार्पण जल्दी ही होगा, मई के दूसरे या तीसरे सप्ताह में रिफाइनरी मरम्मत का कार्य हो जाएगा पूरा: मुख्य सचिव श्रीनिवास

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के मुख्य सचिव वी.श्रीनिवास ने शनिवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि पचपदरा की रिफाइनरी में संक्षिप्त नुकसान हुआ था जिसकी मरम्मत का कार्य चालू मई महीने के दूसरे या तीसरा सप्ताह में कंप्लीट हो जाएगा। इस तरह की जानकारी उन्हें मिली है इसलिए रिफाइनरी का लोकार्पण भी जल्दी ही होगा पत्रकारों के लोकार्पण की तारीख पूछने पर मुख्य सचिव ने कहा कि तारीख का निर्धारण प्रधानमंत्री कार्यालय से मिली डेट के आधार पर ही होता है इसलिए इस बारे में अभी ज्यादा कुछ नहीं कहा जा सकता लेकिन रिफाइनरी का कार्य बहुत जल्दी ही पूरा होने जा रहा है ।उन्होंने कहा कि इस रिफाइनरी के शुरू होने से प्रदेश के विकास को और भी तेजी से गति मिलेगी और यहां बड़े स्तर पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे। स्थानीय लोगों को भी अच्छा रोजगार मिलेगा तथा पश्चिमी राजस्थान में यह रिफायनरी विकास की दृष्टि से नए आयाम स्थापित करेगी उल्लेखनीय है कि मुख्य सचिव श्रीनिवास शनिवार को जोधपुर में मरुधरा प्रतिबद्धता दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आए थे इस दौरान सर्किट हाउस में उन्हें जोधपुर पुलिस की ओर से गॉड ऑफ ऑनर दिया गया और मौके पर जिला प्रशासन और पुलिस के बड़े अधिकारियों ने उनका शानदार तरीके से स्वागत किया । सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्य सचिव श्रीनिवास ने एक सवाल के जवाब में बताया कि एचपीसीएल की ओर से रिफाइनरी में आगजनी की घटना की जांच की जा रही है उन्होंने कहा कि प्रशासन और टेक्नोलॉजी के बीच बेहतर समन्वय और सामंजस्य से स्थापित करने के लिए सेंटर आफ एक्सीलेंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से कार्य किए जाने की प्रक्रिया पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत और विकसित राजस्थान के विजन और संकल्प को हासिल करने के लिए सभी सरकारी विभागों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से कार्य करने की प्रक्रिया पर प्रभावित तरीके से काम किया जा रहा है। सभी सरकारी विभागों में डिजिटल प्रक्रिया को बढ़ावा देने की दिशा में भी काम किया जा रहा है इन सबसे प्रदेश की ब्यूरोक्रेसी के कामकाज में काफी सुधार होगा इससे काम जल्दी होगा और किसी भी तरह की कोई गड़बड़ी और कमी भी देखने को नहीं मिलेगी इसलिए सरकारी विभागों में डिजिटल प्रक्रिया को बढ़ावा देने के लिए सरकार तेजी से कार्य कर रही है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में मुख्य सचिव की जिम्मेदारी हाथ में लेने के पहले दिन से ही वी. श्रीनिवास पूरी तरह से सक्रिय नजर आ रहे हैं और अपने दफ्तर में काम बैठ रहे हैं तथा फील्ड में रहकर सरकारी विभागों और सरकारी संस्थाओं का निरीक्षण करने के साथ-साथ सरकारी योजनाओं का संबंधित विभागों के अधिकारियों से मौके पर जाकर फीडबैक भी ले रहे हैं और मौके पर जाकर योजनाओं के क्रियान्वयन को अपनी आंखों से भी देख रहे हैं और लोगों से मुलाकात करके उनसे सरकारी योजनाओं के बारे में सलाह और सुझाव भी ले रहे हैं अभी भीषण गर्मी का दौरा बना हुआ है लेकिन इसके बावजूद भी मुख्य सचिव लगातार एक के बाद एक जिलों का दौरा करके सभी सरकारी विभागों और संस्थाओं के कामकाज का फीडबैक भी ले रहे हैं और प्रदेश भर में हो रहे विकास कार्यों का मौके पर जाकर निरीक्षण भी कर रहे हैं ।




# युवा ऊर्जा को सही दिशा देना ही राष्ट्र निर्माण की कुंजी है: राज्यवर्धन राठौड़

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** शनिवार को लोकमंथन-हम युवा, विरासत और विकास भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राजस्थान के क्षेत्रीय संघ चालक डॉ रमेश अग्रवाल भी उपस्थित रहे। केबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने युवाओं को संबोधित करते हुए उन्हें अपनी ऊर्जा को सही दिशा में लगाने का आह्वान किया। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि पूरी सृष्टि के संदर्भ में मानव जीवन एक पलक झपकने जितना छोटा है, ऐसे में इस छोटे से जीवन को सार्थक बनाना ही सबसे बड़ा उद्देश्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि इस क्षण में हम कुछ सीख सकें और दूसरों को प्रेरित कर सकें, तो यही जीवन की सच्ची सफलता है। उन्होंने सेना का उदाहरण देते हुए कहा कि जब हजारों सैनिक एक ताल में चलते हैं, तभी




एक मजबूत और प्रभावशाली टीम बनती है। इसी प्रकार, समाज और राष्ट्र की मजबूती के लिए सामूहिक प्रयास और अनुशासन आवश्यक है। कर्नल राठौड़ ने युवाओं को अपनी ऊर्जा को बनाए रखने के लिए संतुलित खानपान और सकारात्मक सोच अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति का एक उद्देश्य होता है और उसे पहचानना तथा उस दिशा में आगे बढ़ना बेहद जरूरी है। उन्होंने संविधान की भावना 'हम एक हैं' को दोहराते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए कर्तव्य, दिशा और एकता तीनों आवश्यक हैं। कर्नल राठौड़ ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि हर व्यक्ति में कोई न कोई विशेषता होती है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे इस चुनौती के प्रति जागरूक रहें और इसे एक सामूहिक जिम्मेदारी के रूप में लें। उन्होंने कहा कि यदि युवा इस दिशा में संगठित होकर आगे बढ़ेंगे, तो देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे।

## ग्राम बुढ़वाल में पहुंचा ग्राम विकास रथ, योजनाओं की दी गई जानकारी



जयपुर टाइम्स

**बहरोड़(निसं.)।** राजस्थान सरकार के जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत ग्राम विकास रथ शनिवार को पंचायत समिति बहरोड़ के ग्राम पंचायत मुख्यालय बुढ़वाल पहुंचा। इस अवसर पर भाजपा नेता बस्तीराम यादव एडवोकेट के नेतृत्व में ग्रामवासियों ने रथ का भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान एलईडी मोबाइल वैन के माध्यम से राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं–विशेषकर कृषकों, पशुपालकों एवं ग्रामीण क्षेत्रों से संबंधित योजनाओं–की जानकारी ग्रामीणों को विस्तार से दी गई। इस मौके पर उपखंड अधिकारी राम किशोर मीणा, नायब तहसीलदार अजीत सिंह यादव, सहायक विकास अधिकारी सुभाष भवालिया, बीसीएमओ डॉ. कमलेश यादव, पशु चिकित्सक डॉ. अपेक्षा जांगिड़, कनिष्ठ सहायक नीलम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुनीता एवं सुमन सहित कई अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके अलावा सरपंच कपिल यादव, पंचायत समिति सदस्य सुनील यादव, पूर्व सरपंच सोताज सिंह यादव, पार्षद रोहतास मेघवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि और सैकड़ों ग्रामीण एवं महिलाएं कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्य वक्ता बस्तीराम यादव एडवोकेट ने ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री का ग्राम विकास रथ भेजने पर आभार व्यक्त किया।

## देवर्षि नारद जयंती पर जनसम्पर्क कार्यालय में आयोजित हुआ बौद्धिक कार्यक्रम




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** देवर्षि नारद जयंती के पावन अवसर पर शनिवार को जनसम्पर्क कार्यालय, अलवर में आयोजित बौद्धिक कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रान्त सह प्रचार प्रमुख, कैलाश कल्ला ने मुख्य वक्ता के रूप में पत्रकारों को संबोधित किया। कल्ला ने अपने बौद्धिक में कहा कि देवर्षि नारद जी विश्व के प्रथम संवाददाता थे। वे लोकमंगल की भावना से निर्भीक होकर संवाद करते थे। आज के पत्रकारों को भी नारद जी के जीवन से सत्य, निष्पक्षता और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने पत्रकारों के समक्ष राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की कार्यपद्धति, सेवा कार्यों तथा समाज जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में संघ के योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। कल्ला ने कहा कि संघ जाति-पंथ से ऊपर उठकर संपूर्ण समाज को संगठित करने का कार्य करता है। सेवा, समरसता और स्वदेशी के भाव को लेकर संघ के स्वयंसेवक आपदा से लेकर शिक्षा-स्वास्थ्य तक के क्षेत्रों में निरंतर कार्यरत हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ के के गुप्ता, अशोक मित्तल के द्वारा की गई इस अवसर पर जिले के वरिष्ठ पत्रकार, संपादक, ब्यूरो प्रमुख एवं बड़ी संख्या में मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर गोष्ठी का भी आवेदन किया गया जिसमें सभी ने अपने विचार रखें कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकारों द्वारा किया गया।

## मजदूर दिवस पर स्केल लॉ कॉलेज में जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन, विद्यार्थियों और ग्रामीणों को बताए उनके अधिकार




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** स्केल लॉ कॉलेज में मजदूर दिवस के अवसर पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों और चिरखाना-सैंथली गांव के ग्रामीणों को श्रमिक अधिकारों और कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रोफेसर सुरेंद्र यादव (सदस्य, राजस्थान पिछड़ा वर्ग आयोग) ने संविधान के तहत मजदूरों के अधिकारों, कानूनी सहायता और विभिन्न संवैधानिक प्रावधानों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने पुलिस संरक्षण और साइबर सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की भी जानकारी दी। कार्यक्रम में लॉ कॉलेज की नोडल अधिकारी डॉ. लक्ष्मी सोनी और डॉ. वंदना सैनी ने बाल विवाह रोकथाम, बाल मजदूरी प्रतिबंध और बंधुआ मजदूरी उन्मूलन से संबंधित कानूनों के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बंधुआ मजदूरों के पुनर्वास के प्रावधानों पर भी जानकारी साझा की। सहायक आचार्य सुरेश चंद मीणा और प्रदीप यादव ने मजदूर दिवस के महत्व को समझाते हुए सामाजिक जिम्मेदारी पर जोर दिया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार शर्मा ने अतिथि प्रोफेसर सुरेंद्र यादव का आभार व्यक्त किया और कहा कि समाज के जरूरतमंद वर्ग, विशेषकर मजदूरों को विधिक सहायता प्रदान करना हम सभी की जिम्मेदारी है।

## राजस्थान के शहरों को मिलेगा ग्लोबल अपग्रेड, नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा कोपेनहेगन में अध्ययन दौरे पर

**जयपुर(कास.** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विकसित राजस्थान के संकल्प को साकार करने की दिशा में नगरीय विकास एवं आवासन विभाग निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में राज्य के शहरी विकास को नई दिशा प्रदान करने के साथ ही भविष्य के शहरों को अधिक सक्षम, संतुलित एवं पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा इन दिनों डेनमार्क की राजधानी कोपेनहेगन के अध्ययन दौरे पर हैं। 1 मई से 10 मई 2026 तक जारी इस उच्च स्तरीय यात्रा में विभागीय अधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल भी शामिल है। यह दौरा राज्य में शहरी विकास के आधुनिक, टिकाऊ एवं वैश्विक मानकों पर आधारित मॉडल्स को आत्मसात करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यात्रा के दौरान सतत शहरी विकास, समग्र जल संसाधन नियोजन तथा जलवायु अनुकूलन जैसे विषयों पर विशेष रूप से विचार-विमर्श किया जा रहा है। दौरे के तहत एकीकृत शहरी जल संसाधन प्रबंधन, ऊर्जा दक्षता, सीवेज एवं सेप्टेज के वैज्ञानिक प्रबंधन एवं उपचार से जुड़े अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम अभ्यासों का अध्ययन किया जा रहा है।

# जिला कलक्टर ने किया शहर का सघन दौरा

### नगर निगम टीम के साथ स्वच्छता व्यवस्था का लिया जायजा

### शहर को स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु आमजन से सफाई व्यवस्था में सहयोग करने की कि अपील

जयपुर टाइम्स




**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने नगर निगम की टीम के साथ अलवर शहर के प्रमुख स्थानों का सघन दौरा कर नालो, बैकलेन व साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने स्वच्छता पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए निरीक्षण के दौरान नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर के बड़े नालों की नियमित तौर पर व्यवस्थित रूप से साफ-सफाई कराने के साथ उनकी प्रभावी मॉनिटरिंग की जावे। उन्होंने शहर की साफ-सफाई एवं स्वच्छता व्यवस्था का निरीक्षण कर निर्देश दिये कि कचरा संग्रहण हेतु संचालित ऑटो टिपर की प्रभावी मॉनिटरिंग की जावे। साथ ही सुनिश्चित करें कि शहर के सभी वार्डों में निर्धारित समयानुसार ऑटो टिपर पहुंचकर कचरा संग्रहण करें। उन्होंने निर्देश दिये कि आमजन को जागरूक करें कि कचरे का सेग्रीगेशन कर गीले व सूखे कचरे को ऑटो टिपर में डाला जावे। उन्होंने निर्देश दिये कि खाली भूखण्ड मालिकों को पाबंद करें कि कचरे का समयबद्ध रूप में उठाव करावे। कचरा नहीं उठाए जाने पर नगर निगम द्वारा कचरे का उठाव कराया जावे, जिसका भुगतान भूखण्ड मालिक से लिया जावे तथा उनके विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जावे। उन्होंने नगर निगम आयुक्त निर्देश दिए कि निरीक्षण के दौरान बताई गई कमियों को तत्काल दूर किया जाए तथा टीम बनाकर नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए, ताकि अलवर शहर को और अधिक स्वच्छ, सुंदर एवं नागरिक-अनुकूल बनाया जा सके। उन्होंने निर्देश दिए की शहर के नागरिकों से तालमेल रखते हुए कचरा सेग्रीगेशन व शहर को स्वच्छ रखने में सहयोग आदि के लिए जागरूक करें। उन्होंने निर्देशित किया कि व्यावसायिक प्रतिष्ठान वाले क्षेत्रों में आवश्यक रूप से रात्रि में साफ-सफाई करावें एवं साफ-सफाई व्यवस्था में सहयोग नहीं करने वाले प्रतिष्ठानों एवं नागरिकों पर चालान की कार्यवाई की जावें। उन्होंने निर्देश दिये कि प्रभावी कार्रवाई कर प्लास्टिक की जप्ती भी की जाए। उन्होंने आमजन से शहर को स्वच्छ व सुन्दर बनाए रखने हेतु साफ-सफाई व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की है। निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका सहित निगम के संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## ग्राम रथ अभियान के तहत विभिन्न ग्राम पंचायत में सफलतापूर्वक आयोजित किए गए कार्यक्रम

### 3 मई को ग्राम रथों का रहेगा यह रूट

जयपुर टाइम्स



**खैरथल-तिजारा(निस)।** राज्य सरकार द्वारा कृषि, पशुपालन एवं ग्रामीण विकास को नई दिशा देने के उद्देश्य से आगामी 23 से 25 मई 2026 को आयोजित 'ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट' (तङ्गरु) के प्रचार-प्रसार हेतु 'ग्राम रथ अभियान' 27 अप्रैल से 15 दिवस तक संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले की व्यापक कार्ययोजना के अंतर्गत किशनगढ़ बास, तिजारा एवं मुंडावर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्रों के 4 ब्लॉकों तथा 180 ग्राम पंचायतों को इस अभियान के तहत कवर किया जा रहा है। ग्राम रथ प्रतिदिन 4 से 5 स्थानों पर रुककर ऑडियो-वीडियो माध्यमों से ग्रामीणों को कृषि निवेश, नवाचार एवं आधुनिक तकनीकों के प्रति जागरूक कर रहे हैं।

### 3 मई को ग्राम रथों का रहेगा यह रूट

जिला कलक्टर अतुल प्रकाश ने बताया कि मुंडावर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जीवनसिंहपुरा, चिरूनी, मैनपुर, गोपीपुरा एवं काली पहाड़ी गांवों में जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। साथ ही काली पहाड़ी में संध्या चौपाल आयोजित होगी, जिसमें आमजन की समस्याओं का समाधान एवं योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इसी प्रकार किशनगढ़ विधानसभा क्षेत्र के तरवाला, नूरनगर, मीरका, बघेरी कलां , माछरोली गांवों में भी प्रचार-प्रसार किया जाएगा तथा माछरोली में संध्या चौपाल का आयोजन किया जाएगा। तिजारा विधानसभा क्षेत्र के पालपुर, सरहेटा ,रूपवास, हमीराका, जौजाका गांवों में भी ग्राम रथ के माध्यम से योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाएगा तथा जौजाका में संध्या चौपाल आयोजित की जाएगी।

## राजस्थान पीड़ित प्रतिकर स्कीम 2024 का उद्देश्य अपराध से पीड़ित व्यक्तियों को आर्थिक सहायता एवं पुनर्वास उपलब्ध कराना है '

### शहर के जनाना अस्पताल में विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

जयपुर टाइम्स




**अलवर(निसं.)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अलवर द्वारा राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अलवर अनंत भंडारी के मार्गदर्शन तथा सचिव मोहनलाल सोनी के आदेशानुसार शनिवार को जनाना अस्पताल, अलवर में एक विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पैरालीगल वॉलंटियर रेखा महलावत द्वारा उपस्थित लाभार्थियों को 'राजस्थान पीड़ित प्रतिकर स्कीम 2024' एवं 'कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न' के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि राजस्थान पीड़ित प्रतिकर स्कीम 2024 का उद्देश्य अपराध से पीड़ित व्यक्तियों को आर्थिक सहायता एवं पुनर्वास उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि हत्या, दुष्कर्म, एसिड अटैक, मानव तस्करी एवं गंभीर चोट जैसे मामलों में पीड़ित अथवा उनके आश्रित इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही, योजना के अंतर्गत अंतरिम मुआवजा भी प्रदान किया जाता है, जिससे पीड़ित को तत्काल राहत मिल सके। उन्होंने आवेदन प्रक्रिया के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि पीड़ित या उसके परिजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं, जिसके साथ आवश्यक दस्तावेज जैसे एफआईआर की प्रति, मेडिकल रिपोर्ट एवं पहचान पत्र संलग्न करना होता है। इसके अतिरिक्त, योजना के अंतर्गत पीड़ितों को निःशुल्क विधिक सहायता भी प्रदान की जाती है तथा उनकी गोपनीयता का विशेष ध्यान रखा जाता है।

कार्यक्रम की शुरुआत नालसा थीम सॉन्ग 'एक मुट्ठी आसमां' के माध्यम से की गई। शिविर में कुल 45 लाभार्थियों ने भाग लिया। अंत में उपस्थित सभी व्यक्तियों से अपील की गई कि वे अपने आसपास के जरूरतमंद व्यक्तियों को इन योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें लाभान्वित करने में सहयोग करें।

ग्राम रथ अभियान

## जिले की पांच विधानसभा क्षेत्रों के ग्रामीण अंचल में ग्राम रथ करेंगे सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार आज

जयपुर टाइम्स




**अलवर(निसं.)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार कृषक, पशुपालकों और ग्रामीण क्षेत्रों से संबधित योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए जिले की 5 विधानसभा क्षेत्रों के ग्रामीण अंचल में एलईडी मोबाइल वैन के माध्यम से ग्राम रथ अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत 3 मई को ग्राम रथ ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर 13 विभागों की महत्वपूर्ण योजनाओं की ग्रामीणों को जानकारी प्रदान करेंगे।

### रविवार को इन ग्राम पंचायतों में पहुंचेंगे प्रचार रथ

जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि 3 मई को रामगढ विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत मीणापुरा, चौराटी ईस्तमूरार, घाट, बूटोली, हादरहेडा एवं रोणपुर में, थानागाजी विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत गुवाडा रामजी, अजबगढ, पीपलाई एवं झिरी में, अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत मोहब्बतपुर, जाटोली, सारंगपुरा, परसा का बास, माधोगढ, ईंदोक एवं अकबरपुर में, राजगढ-लक्ष्मणगढ विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत उकेरी, परबैणी, चांदपुर-नायला नगर, रैणी एवं टहटडा में तथा कठूमर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत खोखर, डहरीनदांतवाड, खेडा कल्याणपुर, कटैहडा एवं रामपुरा पाटन में ग्राम रथों के माध्यम से सरकार की योजनाओं एवं विकास कार्यों की जानकारी दी जाएगी।

## स्वर्ण जयंती पर अग्रवाल सेवा मंडल की पहल: भीषण गर्मी में 5000 गिलास छाछ का वितरण

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** भीषण गर्मी के बीच आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से अग्रवाल सेवा मंडल की ओर से शनिवार को गांधी चौक पर छाछ वितरण सेवा शिविर का आयोजन किया गया। संस्था के स्वर्ण जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित इस शिविर में करीब 5000 गिलास ठंडी नमकीन छाछ वितरित कर राहगीरों और स्थानीय लोगों को गर्मी से राहत दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजकरण चौधरी ने मण्डल के इस सेवाभावी कार्य की सराहना करते हुए कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में राहगीरों की प्यास बुझाना अत्यंत पुण्य का कार्य है। अग्रवाल सेवा मंडल के अध्यक्ष पंकज कुमार गर्ग, मंत्री विश्वनाथ रातूसरिया तथा कार्यक्रम संयोजक सौरभ रातूसरिया व सौरभ जैसनसरिया के नेतृत्व में शिविर का सफल संचालन किया गया। इस दौरान नवनीत जैसनसरिया, सुशील कुमार गर्ग, देवकीनंदन अग्रवाल, राजकुमार कंदोई, अनिल गोयल, राकेश हनुमानगडिया, रवि बांयवाला, भंवरलाल जैसनसरिया, संजय कंदोई, दिनेश सोमानी, दीनदयाल भोजक व अशोक भोजक सहित कई लोग मौजूद रहे। अध्यक्ष पंकज कुमार गर्ग ने बताया कि संस्था अपने स्थापना के 50वें वर्ष को सेवा कार्यों के माध्यम से मना रही है और भविष्य में भी इसी तरह के जनकल्याणकारी कार्यक्रम जारी रखे जाएंगे। इस दौरान छाछ पीने वाले राहगीरों ने अग्रवाल सेवा मंडल के इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए आभार जताया।

## पुस्तकालय को मिली प्रतियोगी परीक्षाओं की किताबें, ट्रस्ट ने किया विद्या दान

जयपुर टाइम्स




**बस्सी(निस)।** श्री लक्ष्मी नारायण मीणा मेमोरियल ट्रस्ट, कानडियावाला (जमवारामगढ़) की ओर से सार्वजनिक पुस्तकालय घाटा (बस्सी) में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए विभिन्न विषयों की उपयोगी पुस्तकें भेंट की गईं। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को बेहतर संसाधन उपलब्ध कराकर उन्हें सफलता की ओर प्रेरित करना है। ट्रस्ट अध्यक्ष सुमन मीणा ने कहा कि अन्न दान भले ही श्रेष्ठ माना जाता है, लेकिन विद्या दान सबसे उत्तम दान है। उन्होंने बताया कि शिक्षा के माध्यम से व्यक्ति का जीवन संवरता है, इसलिए जरूरतमंद विद्यार्थियों को मार्गदर्शन के साथ-साथ अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराना भी समाज की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर ट्रस्ट संरक्षक एवं आईएएस अधिकारी डॉ. हर सहाय मीणा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। लक्ष्य तय कर नियमित और निरंतर मेहनत ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रतिदिन 'मेहनत-मेहनत-मेहनत' का मंत्र अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि जो विद्यार्थी ईमानदारी से नियमित अध्ययन करते हैं, उनकी सफलता में कोई बाधा नहीं बन सकता। कठिन परिश्रम और अनुशासन से ही हर परीक्षा में सफलता हासिल की जा सकती है। इस मौके पर फूलचंद घाटी, हनुमान प्रजापत (आरवाड़ी), मुरारीलाल नाड़ा, पन्नालाल (भावपुरा), रोहिताश (कानडियावाला), अमित देवड़वाल, एसडीएम डोडा, सन्नी मीणा, रामधन (घाटा), विजय (आरवाड़ी) सहित अनेक टीएसएम कार्यकर्ता व ट्रस्ट सदस्य उपस्थित रहे

## गहलोत के जन्मदिवस पर 'पक्षी बचाओ, जीवन बचाओ' अभियान शुरू, 111 परिंडे लगाए

जयपुर टाइम्स



**विराटनगर(निस)।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के जन्मदिवस के अवसर पर 'पक्षी बचाओ, जीवन बचाओ' अभियान की शुरुआत की गई। इस मौके पर टीम महेश यादव के नेतृत्व में 111 परिंडे लगाकर पक्षियों के संरक्षण का संदेश दिया गया। भीषण गर्मी को देखते हुए पक्षियों के लिए पानी और दाने की व्यवस्था कर जीव दया एवं पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ सोहन लाल शर्मा के नेतृत्व में हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जनसेवक विराटनगर महेश यादव मौजूद रहे। महेश यादव ने अपने संबोधन में कहा कि मानव जीवन के साथ-साथ पक्षियों और प्रकृति की रक्षा करना भी हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करना पुण्य कार्य है और हर व्यक्ति को अपने घर, दुकान व सार्वजनिक स्थानों पर परिंदे लगाने चाहिए। उन्होंने कहा कि पक्षियों का संरक्षण पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए बेहद जरूरी है। इस अभियान के माध्यम से समाज में सेवा, संवेदना और प्रकृति प्रेम का संदेश दिया गया। साथ ही अधिक से अधिक परिंदे लगाने और पक्षियों के लिए नियमित पानी-दाने की व्यवस्था करने की अपील की। इस अवसर पर पूर्व सरपंच राजाराम रावत, मोहन चौधरी, रवी शर्मा, अनिल, हिरालाल यादव सहित कई लोग उपस्थित रहे। सभी ने अभियान की सराहना करते हुए इसे जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## मुख्यमंत्री के गृह जिले में ही सिलिकोसिस पीड़ितों की सुध लेने वाला कोई नहीं: टीकाराम जूली

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कास.)।** राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भरतपुर के रुदावल तहसील के गांव खेड़ा ठाकुर में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के साथ जाकर सिलिकोसिस पीड़ितों एवं उनके परिजनों से मुलाकात की। जूली ने इस गंभीर बीमारी से जूझ रहे श्रमिकों और उनके परिवारों की व्यथा सुनी और पाया कि क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोग सिलिकोसिस की चपेट में हैं, लेकिन शासन- प्रशासन की ओर से उन्हें अपेक्षित सहयोग और संबल नहीं मिल पा रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने पीड़ितों के दुख-दर्द में शामिल होते हुए उन्हें विश्वास दिलाया कि वे पूरी संवेदनशीलता के साथ सिलिकोसिस प्रभावित परिवारों के साथ खड़े हैं तथा कांग्रेस पार्टी उनके हक की लड़ाई को मजबूती से लड़ेगी । दौरे के दौरान स्थानीय लोगों, महिलाओं और विधवाओं ने नेता प्रतिपक्ष के सामने अपनी पीड़ा बताई, इस दौरान काफी मार्मिक स्थिति बनी जब लोगों ने अपनी व्यथा जूली एवं गहलोत के सामने रखी। जानकारी मिली कि पिछले कई महीनों से उन्हें पेंशन का लाभ नहीं मिल रहा है, जिससे उनके सामने गंभीर संकट खड़ा हो गया है। साथ ही शिकायत मिली कि पालनहार योजना का पैसा भी लंबे समय से उनके खातों में नहीं आया है। जूली ने इन मामलों को बेहद संवेदनशील बताते हुए कहा कि भाजपा सरकार की प्रशासनिक विफलता के कारण गरीब और निराश्रित महिलाएं अपने हक के लिए भटकने को मजबूर हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि इन सभी मामलों को तुरंत दिखवाकर बकाया भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

## परीक्षार्थियों की सुविधा हेतु जयपुर - अलवर एवं चूरू- जयपुर नीट परीक्षा स्पेशल रेल सेवाओं का संचालन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा नीट परीक्षा को देखते हुए परीक्षार्थियों की सुविधा हेतु जयपुर-अलवर एवं चूरू-जयपुर अनारक्षित परीक्षा स्पेशल रेल सेवाओं का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 09717, चूरू-जयपुर अनारक्षित परीक्षा स्पेशल एकतरफा रेलसेवा रविवार दिनांक 3.5.2026 को चूरू से 6.10 बजे रवाना होकर सीकर स्टेशन पर 8.15 बजे आगमन व 8.20 बजे प्रस्थान कर 11:00 बजे जयपुर जंक्शन पहुँचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में बिसाऊ, रामगढ़ शेखावाटी, फतेहपुर शेखावाटी,लक्ष्मणगढ़ सीकर,सीकर जंक्शन,पलसाना,रींगस, गोविंदगढ़ मलिकपुर,चौमूँ सामोद,ढेहर का बालाजी रेलवे स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 10 साधारण श्रेणी व 2 गार्ड डिब्बो सहित कुल 12 डिब्बे होगे। गाडी संख्या 09719, जयपुर-अलवर अनारक्षित परीक्षा स्पेशल एकतरफा रेलसेवा दिनांक 3.5.26 रविवार को जयपुर जंक्शन से 19.10 बजे रवाना होकर को दौसा स्टेशन पर 20.22 बजे आगमन व 20.24 बजे प्रस्थान कर 22.55 बजे अलवर रेलवे स्टेशन पहुँचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में गांधीनगर जयपुर, गैटोर जगतपुरा, खातीपुरा, बस्सी, दौसा, बांदीकुई, बसवा,राजगढ़,मालाखेड़ा स्टेशनों पर ठहराव करेगी।इस रेलसेवा में 10 साधारण श्रेणी व 2 गार्ड डिब्बो सहित कुल 12 डिब्बे होगे।

## सहायक सब इंस्पेक्टर ने फांसी लगाई, थाने की मेस में लटका मिला शव

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के भीलवाड़ा जिले में कारोई थाना में कार्यरत सहायक सब इंस्पेक्टर ने पुलिस स्टेशन की मेस में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली । इस सनसनीखेज आत्महत्या कांड के बाद पुलिस स्टेशन में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों में खलबली मच गई। किस वजह से सहायक सब इंस्पेक्टर विष्णु कुमार ने मौत को गले लगाया खबर लेकर जाने तक इसका खुलासा तो नहीं हो पाया लेकिन विष्णु कुमार सीकर जिले के रानोली का रहने वाला है। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया है लेकिन कहा जा रहा है कि शनिवार की रात मृतक विष्णु कुमार ने अन्य पुलिस कर्मियों के साथ रात का खाना खाया था इस दौरान विष्णु कुमार किसी भी तरह से चिंतित और परेशान भी नजर नहीं आ रहा था और सभी के साथ बातचीत भी कर रहा था लेकिन रविवार की सुबह जब उसकी लाश मेस में छत की कुंडी से लटकी हुई देखी गई तो वहां पुलिस स्टेशन में मौजूद अधिकारियों और कर्मचारी में खलबली मच गई । पुलिस ने तुरंत बॉडी को नीचे उतारा तथा जिले के सभी बड़े पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंचे हैं घटनास्थल का मौका मुआयना किया गया है आवश्यक तथ्य और सबूत भी जुटाए जा रहे हैं लेकिन बार-बार सवाल यही खड़ा होता है कि शनिवार की रात अपने स्टाफ के साथ विष्णु कुमार ने हंसते-हंसते खाना खाया था फिर अचानक उसने इस तरह से मौत को गले क्यों लगाया यह सवाल हर किसी को परेशान कर रहा है । विष्णु कुमार के आत्महत्या करने से पुलिस स्टेशन में ही नहीं बल्कि पूरे भीलवाड़ा जिले के पुलिसकर्मियों में शोक की लहर छा गई है आखिर हर कोई यह जानने का प्रयास कर रहा है कि आत्महत्या के क्या कारण हो सकते हैं क्या सहायक सब इंस्पेक्टर विष्णु कुमार नौकरी की वजह से प्रेशर में था या कोई उन्हें ब्लैकमेल कर रहा था या फिर विभागीय अधिकारियों के व्यवहार की वजह से परेशान था या फिर कोई पारिवारिक विवाद या मनमुटाव था जिसकी वजह से उसने मौत को गले लगाना उचित समझा । अभी इन सवालों के जवाब पुलिस को नहीं मिल पाए हैं लेकिन जिस तरह से एक योग्य सहायक सब इंस्पेक्टर ने आत्महत्या की है उससे यह भी दिखता है कि पुलिसकर्मी कितने मानसिक अवसाद में रहते हैं ।

## पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने आमेर थाने में लगाया जनता दरबार, फरियादियों की सुनी समस्याएं

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने शनिवार को जयपुर पुलिस उत्तर क्षेत्र के आमेर पुलिस स्टेशन में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया, जनसुनवाई कार्यक्रम में पीड़ितों ने अपनी अपनी समस्याएं पुलिस कमिश्नर को बताई पुलिस कमिश्नर ने पीड़ितों की समस्याओं का निस्तारण करने के लिए मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए और कहा कि पीड़ित व्यक्तियों की शिकायतों का जल्दी से जल्दी निस्तारण हो और पीड़ित व्यक्तियों को जल्दी से जल्दी इंसाफ दिलाया जाए। जानकारी के अनुसार शनिवार को आमेर पुलिस स्टेशन में सचिन मित्तल ने मौके पर आए एक फरियादी की समस्या को गंभीरता से सुना मौके पर मौजूद फरियादी कोई धोखाधड़ी की शिकायत लेकर पहुंचा था तो कोई जमीन जायदाद के झगड़े की शिकायत को लेकर पहुंचा था तो किसी को यह शिकायत थी कि पुलिस स्टेशन में उसका मामला दर्ज नहीं हो रहा है। इस तरह की कई शिकायत लेकर लोग पुलिस स्टेशन आए थे जहां पर उन्होंने पुलिस कमिश्नर को आपबीती सुनाई पुलिस कमिश्नर ने प्रत्येक पीड़ित व्यक्ति की समस्या को काफी गंभीरता से लेने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया उल्लेखनीय है कि सचिन मित्तल लगातार एक के बाद एक पुलिस स्टेशन का दौरा करके एक तरफ जहां पुलिस स्टेशन की कार्य शैली और पुलिस स्टेशन में नियुक्त अधिकारियों और कर्मचारियों के व्यवहार के बारे में इलाके के लोगों से फीडबैक ले रहे हैं तो दूसरी तरफ पुलिस स्टेशन की व्यवस्थाओं के बारे में भी गंभीरता से निरीक्षण करके आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे हैं। इसके लिए पुलिस की जांच एजेंसी, अपराध के मामलों के आंकड़ों कभी फीडबैक ले रहे हैं बीट व्यवस्था पुलिस के दिन और रात की चौकस की व्यवस्था इत्यादि विषयों पर पुलिस स्टेशन में नियुक्त अधिकारियों से आवश्यक फीडबैक ले रहे हैं जिसकी वजह से पुलिस स्टेशन की कार्यशैली में नयापन देखने को मिल रहा है ।

## चांदी 6000 और सोना 500 रुपए हुआ महंगा, चांदी 253000 रुपए प्रति किलो में बिकी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जयपुर सराफा बाजार में शनिवार को चांदी और सोने की कीमत में बढ़ोतरी देखने को मिली है शनिवार को चांदी में 6000 और सोने में 500 रुपए की वृद्धि दर्ज की गई। इस तरह से शनिवार को जयपुर सराफा बाजार में चांदी 253000 रुपए प्रति किलो मेंबेची गई तथा शुद्ध सोना 153500 रुपए प्रति 10 ग्राम और जेवराती सोना 143500 रुपए प्रति 10 ग्राम निर्धारित था, जानकार लोगों का कहना है कि इन दिनों प्रदेश में शादियों का सीजन चल रहा है लेकिन पहले शादियों के सीजन में जिस तरह से जयपुर सराफा बाजार में बड़ी संख्या में लोग सोने और चांदी के आभूषण खरीदने के लिए आया करते थे उस तरह की भीड़ अब पिछले कुछ सालों में देखने को नहीं मिल रही जिसकी वजह से जयपुर सराफा बाजार से जुड़े कारोबारी लोग भी अपने धंधे को लेकर ज्यादा खुश नहीं है जयपुर सराफा बाजार से जुड़े लोगों का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हो रही उथल-पुथल, बार-बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश के बीच आपस में हो रहे मनमुटाव और युद्ध की स्थिति से भारत ही नहीं बल्कि दुनिया भर के देश की आर्थिक व्यवस्था और व्यापारिक गतिविधियों पर विपरीत असर होना स्वाभाविक है।

# सचिन पायलट का जयपुर से सीकर जाते समय कई जगहों पर शानदार स्वागत, शाहपुरा में विधायक मनीष यादव की अगुवाई में हुआ वेलकम

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री और कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट का शनिवार को जयपुर से सीकर जाने के दौरान सड़क मार्ग पर कई जगहों पर कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। दिल्ली एक्सप्रेस वे दोसा मनोहरपुर सड़क मार्ग पर पायलट का जगह कांग्रेस जनों ने स्वागत किया। शाहपुरा में शाहपुरा विधायक मनीष यादव के नेतृत्व में सैकड़ो कांग्रेस जनों ने पायलट का स्वागत किया। इस मौके पर सचिन पायलट ने हर जगह कार्यकर्ताओं के साथ मुलाकात की और हंसते हुए कार्यकर्ताओं के स्वागत को स्वीकार किया तथा कार्यकर्ताओं को पार्टी के संगठन को मजबूती देने के लिए प्रेरित किया बताया गया है कि राजस्थान में युवा कांग्रेस के संगठन के चुनाव के मध्य नजर युवक कांग्रेस से जुड़े कार्यकर्ताओं में इस समय जबरदस्ती उत्साह छाया हुआ है युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पद पर सचिन पायलट के काफी विश्वासपात्र युवा नेता अनिल चोपड़ा भी चुनाव लड़ रहे हैं सचिन पायलट कांग्रेस पार्टी की युवा ब्रिगेड के अब भी सबसे लोकप्रिय नेता माने जाते हैं इसलिए जब भी सचिन पायलट का राजस्थान में सड़क मार्ग से दौर होता है उनका जगह-जगह अभिनंदन करने के लिए युवा कांग्रेसी बड़ी संख्या में



पलक पाउडर बिछाए। उनका इंतजार करते देखे जा सकते हैं इसीलिए शनिवार को भी जगह-जगह पायलट का अभिनंदन किया गया बहरोड, चिपकली मोड इत्यादि कई जगहों पर कांग्रेस जनों ने सचिन पायलट को फूल मालाओं से लाद दिया और सचिन पायलट जिंदाबाद के जोरदार नारे लगाएं जानकारी के अनुसार भले ही सचिन पायलट के पास भले ही राजस्थान कांग्रेस ने अभी कोई बड़ा पद नहीं हो लेकिन उनकी लोकप्रियता में राजस्थान में बिल्कुल भी कमी नहीं आई है। सचिन पायलट के प्रति पहले की तरह ही कांग्रेस जन जुड़े हुए हैं और पायलट के समर्थक कांग्रेस पार्टी के नेताओं का कहना है कि अगर आगामी विधानसभा चुनाव में सचिन पायलट को आगे करके चुनाव लड़ाया जाए और सचिन पायलट कि सलाह को चुनाव से जुड़े सभी विषयों पर अहमियत दी जाए तो निश्चित रूप से राजस्थान में कांग्रेस पार्टी की सरकार बन सकती है । अब यह तो आने वाला समय बताया कि राजस्थान कांग्रेस में अगला विधानसभा चुनाव किसके नेतृत्व में लड़ा जाएगा। क्योंक गोविंद सिंह डोटासरा भी करीब पिछले 6 साल से पार्टी के अध्यक्ष पद पर नियुक्त हैं और डोटासरा भी पार्टी का संचालन बहुत अच्छी तरह से तरह से कर रहे हैं इसके अलावा पक्ष के नेता टीकाराम जूली भी शानदार तरीके से राजस्थान विधानसभा में प्रतिपक्ष की भूमिका निभा रहे हैं तो दूसरी तरफ अशोक गहलोत भी पिछले कुछ महीनो से लगातार सोशल मीडिया के माध्यम से राजस्थान कांग्रेस में चर्चा का विषय बने हुए हैं । अशोक गहलोत रोजाना प्रदेश की भजन लाल सरकार पर किसी न किसी विषय पर हमला बोल रहे हैं इसलिए राजस्थान कांग्रेस के सभी बड़े नेता पूरी तरह से सक्रिय नजर आ रहे हैं इसलिए अभी यह कहना मुश्किल है कि अगला विधानसभा चुनाव और राजस्थान में कांग्रेस पार्टी किसके नेतृत्व में लड़ेगी लेकिन इतना जरूर है सचिन पायलट के लोकप्रियता पहले की तरह अब भी राजस्थान कांग्रेस के युवा कांग्रेस जनों में बनी हुई है। जिसकी झलक शनिवार को सचिन पायलट के जयपुर से सीकर जाने के दौरान सड़क मार्ग पर जगह-जगह उस समय देखने को मिली जब पायलट का अभिनंदन करने के लिए बड़ी संख्या में कांग्रेस जन जगह-जगह खड़े नजर आए। राजस्थान भाजपा के प्रभारी डॉ राधा मोहन दास अग्रवाल के खिलाफ पिछले कुछ दिनों से प्रदेश में कई जगहों पर कांग्रेस जनों की ओर से प्रदर्शन किया जा रहे हैं अग्रवाल ने पिछले दिनों सचिन पायलट को लेकर जो बयान दिया था उस बयान के विरोध में अग्रवाल के खिलाफ प्रदेश में रोजाना किसी ना किसी जगह पर कांग्रेसजनों की और से किया जा रहे हैं, इसी क्रम में दूदू पुलिया के नीचे शनिवार को बड़ी संख्या में सचिन पायलट के समर्थक जमा हुए और उन्होंने अग्रवाल के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अग्रवाल से माफी मांगने की बात कही सचिन पायलट के समर्थन में प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस जनों का कहना है कि अग्रवाल सचिन पायलट के लोकप्रियता के बारे में कुछ भी नहीं जानते अगर उनकी लोकप्रियता के बारे में जानते तो वह इस तरह का बयान नहीं देते। अग्रवाल राजस्थान की राजनीति के बारे में बिल्कुल भी नहीं जानते हैं और लगातार जिस तरह से सचिन पायलट को लेकर बयान दे रहे हैं उससे ऐसा लगता है कि अग्रवाल सचिन पायलट को लेकर काफी घबराए हुए हैं उन्हें इस बात की चिंता है कि कांग्रेस पार्टी इस बार सचिन पायलट के नेतृत्व में चुनाव लड़ेगी और राजस्थान में कांग्रेस की शानदार जीत होगी और अगर राजस्थान में कांग्रेस की जीत होती है तो फिर निश्चित रूप से उनकी भूमिका पर भी सवाल खड़े होंगे इसलिए अग्रवाल सचिन पायलट को लेकर कई तरह के गलत बयान बाजी कर रहे हैं जो ठीक नहीं है ।

## *रिफाइनरी आगजनी गंभीर मामला, निष्पक्ष जांच करके दोषी अधिकारियों के खिलाफ की जावे कार्यवाही : उमेदाराम बेनीवाल*

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** बाड़मेर लोकसभा सीट से कांग्रेस पार्टी के सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल ने शनिवार को एक बार फिर पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि पचपदरा की रिफाइनरी में आगजनी की घटना काफी गंभीर विषय है इस मामले की गंभीरता से निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और दोषी लोगों और अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए, बेनीवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के दौरे से ठीक 1 दिन पहले इस तरह से रिफाइनरी में आग लगा गंभीर विषय है यह तो गनीमत रही कि यह आगजनी की घटना पीएम मोदी के आने के 1 दिन पहले हुई अगर जिस दिन पीएम मोदी का यहां कार्यक्रम था उस दिन यह घटना हो जाती तो जान माल का काफी नुकसान हो सकता था । इसलिए इस मामले की निष्पक्ष जांच होना बहुत जरूरी है बेनीवाल ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि रिफाइनरी के निर्माण में कई तरह की तकनीकी गड़बड़ियां पहले से ही हो रही थी और जल्दबाजी में इस रिफाइनरी का निर्माण किया जा रहा था, कम रेट में निर्माण किया जा रहा था और कई तरह की तकनीकी खामियां भी थी लेकिन सरकार रिफाइनरी का जल्दी से जल्दी निर्माण करवाना चाहती थी इसलिए जल्दी बाजी में कई तरह की कमियां और लापरवाही की गई इसी का नतीजा रहा की रिफाइनरी में आग लगी, उल्लेखनीय है कि बेनीवाल पूर्व में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी से जुड़े हुए थे लेकिन पिछले लोकसभा चुनाव से ठीक पहले उन्होंने राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी का दामन छोड़कर कांग्रेस पार्टी को ज्वाइन किया उनकी कांग्रेस पार्टी में ज्वाइन करने की प्रक्रिया में पूर्व मंत्री और मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी का बड़ा हाथ रहा । हरीश चौधरी ने ही बेनीवाल को कांग्रेस पार्टी में शामिल करवाया और फिर हरीश चौधरी के कहने पर ही बेनीवाल को लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का बाड़मेर से टिकट भी दिया गया इसके बाद हरीश चौधरी ने बेनीवाल को जीत दिलाने में अपनी ओर से कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी। राजनीतिक विश्लेषक भी यह मानते हैं कि बेनीवाल की जीत में हरीश चौधरी की सबसे बड़ी भूमिका रही क्योंकि हरीश चौधरी पश्चिमी राजस्थान के कांग्रेस पार्टी के काफी लोकप्रिय नेता हैं और पूर्व में इस सीट से सांसद भी रह चुके हैं तथा राजस्थान सरकार के मंत्री भी रह चुके हैं इसलिए हरीश चौधरी को पश्चिमी राजस्थान में कांग्रेस पार्टी का एक बड़ा चेहरा माना जाता है।

## सोजत अब मेहंदी के साथ अत्याधुनिक रेलवे स्टेशन के लिए भी पहचाना जाएगा, करोड़ों के निर्माण कार्य संपादित

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** पाली जिले में स्थित सोजत रोड स्टेशन ऐतिहासिक शहर सोजत (लगभग 10-15 किमी दूर) से अभिन्न रूप से जुड़ा हुआ है । सोजत मेहंदी शहर के नाम से मशहूर है तथा विश्व प्रसिद्ध, जीआई-टैग प्राप्त मेहंदी उत्पादन का एक प्रमुख केंद्र है। अपनी समृद्ध विरासत के लिए जाना जाने वाला यह शहर प्राचीन मंदिरों, एक ऐतिहासिक किले और कृषि व्यापार, मारवाड़ी परंपराओं और ग्रामीण राजस्थानी जीवनशैली से गहराई से जुड़ी संस्कृति का संगम है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत उत्तर पश्चिम रेलवे के सोजत रोड स्टेशन पर लगभग 21.20 करोड़ की लागत से पुनर्विकास कार्य किये जा रहे हैं। भारतीय रेल के आधुनिकीकरण की दिशा में अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत सोजत रोड स्टेशन का कायाकल्प तीव्र गति से किया जा रहा है। स्टेशन के बुनियादी ढांचे और यात्री सुविधाओं को उच्चस्तरीय बनाया जा रहा है, जिसका 85 प्रतिशत कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण हो चुका है। अमृत भारत स्टेशन योजना के अतर्गत प्लेटफॉर्म नंबर 1 और 2 पर कोटा स्टोन टाइल्स बिछाने का कार्य शत-प्रतिशत पूरा कर लिया गया है। यात्रियों को धूप और बारिश से बचाने के लिए प्लेटफॉर्म पर 10-बे वाले नए शेल्टर का निर्माण किया गया है। लगभग 11,000 वर्ग मीटर क्षेत्र में प्लेटफॉर्म सरफेसिंग का कार्य किया गया है। प्लेटफॉर्म के दोनों छोर पर काउ कैचर्स लगाने का कार्य प्रगति पर है ताकि सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। स्टेशन पर उन्नत यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है जिसके अंतर्गत यात्रियों की सुविधा के लिए 75 वर्ग मीटर का वेटिंग हॉल तैयार किया गया है । स्टेशन पर नई लिफ्ट और फुट ओवर ब्रिज स्थापित किया जा रहा है, जिसका 70 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है। स्टेशन पर आधुनिक कोच पोजिशन डिस्प्ले सिस्टम, डिजिटल साइनेज और पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम को अपग्रेड किया गया है। स्टेशन को पूरी तरह से 'दिव्यांगजन फ्रेंडली' बनाया गया है। इसके अंतर्गत कम ऊंचाई वाले टिकट काउंटर, विशेष वाटर बूथ और समर्पित पार्किंग स्थल का निर्माण पूरा हो चुका है। प्रवेश द्वार पर स्टैंडर्ड रैंप का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है। स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार और सर्कुलेटिंग एरिया का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। पार्किंग क्षेत्र में फेंसिंग, मार्किंग आदि कार्य को जल्द पूरा कर लिया जाएगा। रिफ्रेशमेंट रूम, फूड प्लाजा का कार्य 60 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है। सोजत रोड स्टेशन के पुनर्विकास कार्य अंतिम चरण में है 7 शेष कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूरा करने के लिए युद्ध स्तर पर प्रयास जारी हैं, यथाशीघ्र सोजत रोड स्टेशन को अपने नए और आधुनिक स्वरूप में जनता को समर्पित कर दिया जाएगा।

## स्पीकर ओम बिरला ने कोटा में शक्ति नगर जनसुनवाई केंद्र लगाया जनता दरबार, क्षेत्र के लोगों की सुनी समस्याएं

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** लोकसभा अध्यक्ष और कोटा बूंदी सांसद ओम बिरला ने शनिवार को कोटा में शक्ति नगर स्थित अपने जनसुनवाई केंद्र में क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुना और समस्याओं के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए । इस मौके पर बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोगों ने पानी, बिजली, सड़क, पेंशन, राजस्व कृषि कनेक्शन इत्यादि के संबंध में समस्याएं लेकर लोग ओम बिरला के पास आए थे बिरला ने प्रत्येक पीड़ित व्यक्ति की शिकायत को व्यक्तिगत ध्यान पूर्वक सुना और फिर उन्होंने मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों को पीड़ित व्यक्ति की शिकायत का निस्तारण करने के निर्देश दिए। ओम बिरला के बारे में अक्सर यही देखा जाता है कि जब लोकसभा का सत्र चल रहा होता है उस समय बिरला जरूर दिल्ली में रहते हैं अन्यथा पार्टी के दिनों में वे अपने निर्वाचन क्षेत्र में ही ब्राह्मण करते और लोगों की शिकायतें सुनकर उनका निस्तारण करते नजर आते हैं। यह उनकी सबसे बड़ी खासियत है और इसी वजह से वह तीसरी बार कोटा बूंदी लोकसभा क्षेत्र से चुनाव जीत सके उनकी लोकप्रियता लगातार कोटा बूंदी संसदीय क्षेत्र में बढ़ती जा रही है और पिछले 2 साल में उन्होंने प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार होने का भी पूरा फायदा उठाया और क्षेत्र में बड़े स्तर पर उन्होंने विभिन्न विभागों में करोड़ों रुपए के विकास कार्य संपादित करवाएं जिसकी वजह से क्षेत्र के लोगों में उनके प्रति सम्मान लगातार बढ़ता जा रहा है। ओम बिरला के बारे में यह भी कहा जाता है कि अगर दिल्ली में लोकसभा की करवाई दो दिन के लिए भी स्थगित हो जाती है तो बिरला तुरंत दिल्ली छोड़कर अपने निर्वाचन क्षेत्र में चले आते हैं और लोगों से जन संवाद करके उनकी समस्याओं का निस्तारण करने के प्रयास करते रहते हैं । उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ महीनो में ही कोटा बूंदी लोकसभा क्षेत्र की विभिन्न विधानसभा क्षेत्र में ओम बिरला ने करोड़ों रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण और शुभारंभ किया है। जानकार लोगों का कहना है कि लोकसभा को अपने स्पीकर पद पर होने का भी अपने निर्वाचन क्षेत्र के विकास के लिए अच्छा फायदा उठा रहे हैं और केंद्रीय मंत्रियों से ज्यादा से ज्यादा अपने निर्वाचन क्षेत्र के लिए लंबित मांगों के निस्तारण का प्रयास करते रहते हैं जिनमें उन्हें सफलता भी मिलती है क्योंकि कोई भी केंद्रीय मंत्री यह नहीं चाहेगा कि वह लोकसभा अध्यक्ष के निर्वाचन क्षेत्र की समस्या को गंभीरता से ना ले, यही वजह रही कि अब कोटा में कोटा बूंदी ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट का निर्माण होने जा रहा है जो कोटा बूंदी और पूरे हाडोती क्षेत्र के विकास को और गति देगा।

## नीट एग्जाम से 1 दिन पहले हॉस्टल की चौथी मंजिल से गिरकर नीट छात्र की हुई मौत, मृतक छात्र उत्तराखंड का निवासी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** शनिवार को नीट एग्जाम के ठीक 1 दिन पहले नीट एग्जाम में बैठने वाले छात्र की कोटा में हॉस्टल से चौथी मंजिल से गिरने से मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची है बॉडी को कब्जे में किया है घटना स्थल का दौरा करके घटना स्थल से आवश्यक तथ्य और सबूत भी जुटाए गए हैं मृतक छात्र दीक्षित राजेश्वरी है जो उत्तराखंड के अल्मोड़ा का रहने वाला है। पुलिस ने मृतक छात्र के परिजनों को सूचित कर दिया है परिजनों के आने के बाद पुलिस छात्रा का पोस्टमार्टम करेगी फिलहाल कहा यह जा रहा है की छात्र की हॉस्टल की चौथी मंजिल से गिरने से मौत हुई है अभी यह कहना काफी जल्दी बाजी होगा की छात्र ने आत्महत्या की है या फिर वह भूल से नीचे गिर गई या फिर मौत का कोई अन्य कारण है अभी इन सब विषयों पर पुलिस की जांच जारी है पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कोटा के कुल्हाड़ी थाना इलाके में लैंडमार्क सिटी में स्थित हॉस्टल में दीक्षित राजेश्वरी रहता था और नीट एग्जाम की तैयारी कर रहा था रविवार को नीट एग्जाम में बैठने वाला भी था लेकिन शनिवार को ही हॉस्टल की चौथी मंजिल से गिरने से उसकी मौत हो गई इस प्रकरण में पुलिस हॉस्टल के संचालक और हॉस्टल में रहने वाले अन्य छात्र-छात्राओं से पूछताछ कर रही है इसके अलावा मृतक दीक्षित राजेश्वरी के कमरे को भी पुलिस ने सील कर दिया है पुलिस मृतक छात्र के मोबाइल फोन और अन्य डिजिटल डाटा की भी जानकारी हासिल करके मौत के कारण का पता लगाने का प्रयास करेगी इसके अलावा मृतक छात्र के परिजनों के बयानों के आधार पर भी पुलिस अपनी जांच को आगे बढ़ा सकती है। उल्लेखनीय है कि शिक्षा नगरी कोटा में लाखों की संख्या में देश के कोने-कोने से छात्र हाई प्रोफाइल एग्जाम की तैयारी करने के लिए आते हैं इनमें अधिकांश छात्र ज्यादातर हॉस्टल में ही रहना पसंद करते हैं लेकिन पिछले कई सालों से यह बार-बार देखने को मिलता है कि हर साल बड़ी संख्या में कोटा में कोचिंग छात्र सुसाइड करते हुए देखे गए हैं। कोटा में कोचिंग छात्रों के सुसाइड करने का मामला राजस्थान विधानसभा में भी हमेशा चर्चा का विषय बना रहता है इसके अलावा पूरे देश में कोटा में कोचिंग छात्रों के सुसाइड करने की खबरें चर्चा का विषय हमेशा बनी रही है इसीलिए प्रदेश में चाहे कांग्रेस पार्टी की सरकार रही हो या भारतीय जनता पार्टी की सरकार हो सभी सरकारों ने कोचिंग छात्रों के आत्महत्या करने के इन मामलों पर अंकुश लगाने के लिए कई तरह के नियम और कानून भी बनाए लेकिन कोटा में कोचिंग छात्रों की मौत लगातार देखने को मिल रही है हालांकि जिला प्रशासन और पुलिस हर तरह से कोचिंग छात्रों के सुसाइड करने के मामलों पर अंकुश लगाने के लिए प्रभावी कार्रवाई भी कर रही है इसके लिए कोचिंग संस्थानों के संचालकों और बिजी हॉस्टल संचालकों को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं आवश्यक रूल्स फॉलो करने के लिए कह गए हैं लेकिन इसके बावजूद भी कोटा में कोचिंग छात्रों के आत्महत्या करने के मामले लगातार बढ़ रहे हैं ।

# भाजपा नेता मानवेंद्र सिंह जसोल का पीछा कर रही गुजरात नंबर की स्कॉर्पियो, पुलिस स्कॉर्पियो की तलाश में जुटी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** पूर्व विदेश मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य स्वर्गीय जसवंत सिंह के पुत्र मानवेंद्र सिंह जसोल के एक गुजरात नंबर की स्कॉर्पियो गाड़ी का पीछा करने संबंधी शिकायत जसोल ने जोधपुर पुलिस को की है। जोधपुर पुलिस अब इस पूरे मामले की जांच पड़ताल भी कर रही है जानकारी के अनुसार मानवेंद्र सिंह जसोल किसी शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे तभी जोधपुर में झालामंड चौराहे के पास गुजरात नंबर की एक स्कॉर्पियो गाड़ी ने जसोल की गाड़ी का पीछा किया और 3 से 4 बार जसोल की गाड़ी के अपनी गाड़ी को आगे पीछे भी किया । गुजरात नंबर वाली इस गाड़ी की गतिविधि को देखकर जसोल को ऐसा लगा जैसे गाड़ी में बैठे लोग उनका पीछा कर रहे हो और उन पर नजर रखे हुए है बाद में रविवार की सुबह भी जसोल के घर के आसपास वही गुजरात नंबर की गाड़ी नजर आई ।इसके बाद जसोल ने जोधपुर पुलिस को इस गाड़ी के बारे में सूचना दी है अब जोधपुर पुलिस सीसीटीवी कैमरे के आधार पर इस गाड़ी के नंबर हासिल करके गाड़ी के मालिक की पहचान करने का प्रयास कर रही है खबर लिखे जाने तक इस मामले में जोधपुर पुलिस की ओर से किसी भी तरह का कोई बयान जारी नहीं किया गया है। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों मानवेंद्र सिंह जसोल का एक वीडियो भी वायरल हुआ था जिसमें जसोल जोधपुर स्थित मकान में गए थे लेकिन वहां जसोल की मां ने उन्हें घर के अंदर आने से इनकार करते हुए नजर आ रही थी यह वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ था हालांकि इस मामले को लेकर मानवेंद्र सिंह जसोल और उनके परिजनों की ओर से किसी भी तरह की कोई टिप्पणी नहीं की गई लेकिन जोधपुर के लोगों में यह चर्चा जरूर सुनने को मिल रही है कि कहीं ना कहीं जसोल का अपनी मां और बेटे से विवाद चल रहा है। मानवेंद्र सिंह जसोल वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी में है पूर्व में कांग्रेस पार्टी में भी शामिल हो गए थे लेकिन बाद में फिर से भारतीय जनता पार्टी को ज्वाइन कर लिया है। जसोल के पिता जसवंत सिंह भारतीय जनता पार्टी के काफी वरिष्ठ नेता माने जाते थे जसवंत सिंह का राजस्थान की राजनीति में ही नहीं बल्कि भारतीय जनता पार्टी के दिल्ली में बैठे टॉप नेताओं में गिनती होती थी इसीलिए अटल बिहारी वाजपेई सरकार में उन्हें कई बड़े विभागों की जिम्मेदारी भी दी गई थी भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य के रूप में जसवंत सिंह माने जाते थे। हालांकि यह बात अलग थी कि वसुंधरा राजे के साथ उनके संबंध ज्यादा अच्छे नहीं रहे लेकिन अंतिम दिनों में वसुंधरा राजे और जसवंत सिंह के बीच भी बहुत अच्छे राजनीतिक संबंध स्थापित हो गए थे लेकिन मानवेंद्र सिंह जसोल अभी अपने पिता की तरह भाजपा में स्थापित नहीं हो पाए हैं अब जिस तरह से जोधपुर में मानवेंद्र सिंह जसोल का गुजरात नंबर की गाड़ी में बैठे लोगों ने पीछा किया है उसको लेकर जसोल और जसोल के समर्थकों के चेहरों पर जरूर चिंता की लकीर नजर आ रही है क्योंकि गुजरात नंबर की इस गाड़ी ने एक बार नहीं बल्कि दो बार दो दिन तक उनका पीछा किया है इसलिए कोई ना कोई वजह है जिसके कारण स्कॉर्पियो में बैठे लोग उनका पीछा कर रहे हैं अब यह तो पुलिस की जांच में ही खुलासा हो पाएगा कि आखिर स्कॉर्पियो में कौन लोग बैठे थे और वह क्यों जसोल का पीछा कर रहे थे।

## सम्पादकीय

# सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी से उठे बड़े सवाल



पिछले कुछ वर्षों के दौरान देश की राजनीति में लोगों के बीच नफरत फैलाने वाले बयानों या भड़काऊ भाषणों के जरिए सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने की कोशिशें चिंता का कारण बनती रही हैं। ऐसे अनेक मौके सामने आए, जिनमें किसी नेता पर राजनीतिक स्वार्थ साधने या फायदा उठाने की मंशा से ऐसी बयानबाजियां करने या नारे लगाने के आरोप लगे, जिससे सामाजिक सद्भाव बिगड़ने की आशंका पैदा हुई। मगर ऐसे नेताओं को जहां कानून के कठघरे में खड़ा किया जाना चाहिए था, वहां उनके प्रति पुलिस या शासन-तंत्र ने एक तरह से नरम रवैया अपनाया। शायद इसी वजह से सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दाखिल कर बढ़ते नफरती भाषणों की समस्या से निपटने के लिए दिशानिर्देश जारी करने की मांग की गई थी। मगर इस मसले पर सुनवाई के बाद अदालत ने कहा कि वर्तमान कानून का ढांचा लोगों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने, धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने या सार्वजनिक शांति को भंग करने वाली हरकतों से सक्षम तरीके से निपटता है। इसमें भारतीय दंड संहिता और अन्य संबंधित कानूनों के प्रावधान शामिल हैं। जाहिर है, मौजूदा कानूनी प्रावधानों के संदर्भ में अदालत ने एक तरह से स्थिति स्पष्ट कर दी है। मगर इससे इतर नफरती भाषणों के जरिए अगर लोगों के बीच विद्वेष फैलाने की कोशिश की जाती है, तो इसकी नए सिरे से व्याख्या करने और उसे कानूनी दायरे में लाने की जरूरत है। इस संदर्भ में अदालत ने स्पष्ट किया कि अपराध की व्याख्या या उसे परिभाषित करना और सजा तय करना पूरी तरह विधायिका के अधिकार क्षेत्र में आता है। ऐसे में अदालत केवल सुधारों की जरूरत की ओर विधायिका और कार्यपालिका का ध्यान खींच सकती है। अदालत की यह टिप्पणी अहम है कि नफरती भाषणों के संदर्भ में याचिकाकर्ताओं की शिकायत कानून के अभाव में नहीं, बल्कि उसके लागू होने में कमी से पैदा होती है। ऐसी शिकायतें आम रही हैं कि कानूनी प्रावधान होने के बावजूद कई मामलों में पुलिस या तो आरोपों की अनदेखी करती है या फिर कमजोर धाराओं के तहत मामला दर्ज करती है। नतीजतन, जिन गतिविधियों की वजह से आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए थी, उसके विरुद्ध कानून लाचार नजर आता है। दरअसल, हाल के वर्षों में कुछ नेताओं ने न केवल लोगों की भावनाएं भड़काने वाले भाषण दिए, बल्कि इस बात का खयाल रखना भी जरूरी नहीं समझा कि इससे देश में अलग-अलग समुदायों के बीच सद्भाव को नुकसान पहुंच सकता है और विषम हालात भी पैदा हो सकते हैं। मगर ऐसे आपत्तिजनक भाषण देने वाले लोगों के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने को लेकर सरकारों के भीतर ईमानदार इच्छाशक्ति का अभाव दिखता रहा है। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि इस तरह की प्रवृत्ति की अनदेखी करने या सुविधाजनक तरीके से कुछ नेताओं के नफरती भाषणों के प्रति आंखें मूंद लेने का नुकसान आखिरकार आम जनता और देश को उठाना पड़ेगा। शीर्ष अदालत ने भी इसी संदर्भ में कहा कि नफरती भाषण और अफवाह फैलाने से जुड़े मुद्दे सीधे तौर पर भाईचारे, गरिमा और संवैधानिक व्यवस्था के संरक्षण से जुड़े हैं। कायदे से कुछ संवेदनशील स्थितियों के बावजूद अगर मौजूदा कानूनी प्रावधानों का दायरा सीमित है, तो यह केंद्र और राज्य सरकारों पर निर्भर है कि वे बदलते परिदृश्यों तथा चुनौतियों के मद्देनजर आगे किसी ठोस कानूनी उपाय की जरूरत पर विचार करें। नफरत फैलाने वाले भाषणों के खिलाफ याचिकाओं पर उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि सजा का निर्धारण पूरी तरह से विधायिका के अधिकार क्षेत्र में आता है।

# विचार की राजनीति पर खड़े शख्स की सुखद यात्रा

अशोक गहलोत के 75वें जन्मदिन के उपलक्ष में

आज विचार की राजनीति का समय नहीं है, यह कहना तो गलत होगा परंतु आज वैचारिक राजनीति पर संकट का समय है। नेता, विधायक, सांसद खरीदे जाने लगे हैं, डराकर पाले बदलने पर विवश किए जाने लगे हैं, या फिर सत्ता-सुख की चाहना में वे स्वयं बांहें पसारे इधर से उधर के रास्ते नापने लगे हैं। सत्तामुखी राजनीति का वर्चस्वकाल है यह। ऐसे में वैचारिक राजनीति की बात करना तपते रेगिस्तान में जल-राशि की बात करने जैसा है। परंतु यह हम सब जानते हैं कि रेतराशि की तपत जलराशि के संयोग से ही शांत होनी है। इस संकटकाल में वैचारिकता की पुनर्स्थापना हमारा स्वप्न होना चाहिए। हर चिंतनशील को इस दिशा में संवाद करना होगा।



राष्ट्रीय फलक पर जब भारत जोड़ो की सोच और जिसकी जितनी भागीदारी उसकी उतनी हिस्सेदारी की गूंज सुनती है, तब मन में संतोष होता है कि इस सत्तामुखी दौर में कोई तो न्याय योद्धा आज भी है, जो भारतीयता की जड़ के इन सूत्र वाक्यों को संजोते हुए आगे बढ़ रहा है। इतिहास में उदाहरण है कि दक्षिण अफ्रीका में रेलप्रसंग से गुजरकर जब कोई एक संकल्पित व्यक्ति उठ खड़ा होता है, तब क्या होता है। यह होना विचार के साथ चलकर होना होता है। विचारविहीन व्यक्ति की यात्रा कैसी होती है, दुनिया का नक्शा हमारे सामने हैं, जहां होर्मूज में फंसकर कोई पराजित स्वयं जीतने की उद्घोषणा कर रहा है तो कोई मंदिर आगे खड़े होकर त्रिशूल लहराकर आत्ममुग्ध हुए जा रहा है।

यह समय इस मायने में भी विचारणीय है कि दलीय व्यवस्था वाले लोकतंत्र में मनचाहा पद न हासिल होने पर किसी दल का मुखिया स्वयं प्रतिपक्ष के आमंत्रण पर भाग खड़ा होता है और पीछे वैचारिकता मुंह ताकते रह जाती है। ऐसे में सवाल उठाए जाने अनिवार्य हो जाते हैं कि क्या ऐसी राजनीति की परिकल्पना स्वस्थ लोकतंत्र का निर्माण कर सकती है? या फिर सोचने पर विवश हुआ जा सकता है कि ऐसे दौर में मौजूद नेता क्या हमारे आदर्श हो सकते हैं? या फिर यह निर्णय किया जा सकता है कि इस भीड़ में रहना है, टिकना है तो हमें उन जैसा ही होकर रहना चाहिए?

मूल्यों में यह गिरावट मात्र नेतृत्व की गिरावट नहीं रही है। वहां से फिसलती हुई यह हर एक नागरिक तक पहुंची है। आर्थिक बद-स्थिति और अवसरों की उपलब्धता में असफल शासन का दौर नागरिकों को विचलित करता है। यह विचलन ही फिसलन लेकर आता है। व्यक्ति येन-केन-प्रकारेण अपना हित पूर्ण करने में संलग्न होने लगता है। उसके लिए उचित'-अनुचित कुछ नहीं रहता, प्राप्ति ही प्रमुख हो जाती है। तब विचार की बात करना बीते कल की कहानी कहने जैसा लगने लगता है। फिर भी हम कहानी में पगे, धूणियों पर पसरती बातों को सुनते हुए आगे बढ़ी विरासत के उत्तराधिकारी राजस्थानी लोग हैं। उन कहानियों में घरबीती भी है, परबीती भी है। चकवे-चकवी की बात भी है तो राजा भोज और खापरिये चोर की बात भी है। झिंडिये की डामकी है तो झरझरकंथा के गुलगुले भी हैं। इन सब की सामूहिकता है। विरासत द्वारा सौंपी गई नसीहत है कि जीत उसी की है, जो धरती-आकाश की गति को नापकर, पवन-पानी की तासीर पहचान कर विचार की बात करते हुए आगे बढ़ा है। बढ़ता ही रहा है। न हारा है, न थका है। न वय ने पराजित किया है न भय ने। विचार ही यात्रा का ध्येय रहा है। उसी का विस्तार ही संकल्प रहा है। सभी जानते हैं कि विचार की यह पौध न जाने कितने मानव-मस्तिष्कों में उस शख्स ने रोपी है, रोप रहा है। लंबी कहानी है। यह कहानी स्वप्नद्रष्टाओं के संचार विस्तार की साक्षात यात्रा के बीच से लिखी गई है। जो इंटरनेट पर मौजूद है, पुस्तक-संस्मरणों में मौजूद है। सहयात्रियों के किस्सों में मौजूद हैं। इन किस्सों के किंचित सहभागी हम भी रहे हैं, यह हमारा हासिल है। जन्मदिन की पुनः पुनः बधाई।

**डॉ. दुलाराम सहारण**
**(पूर्व अध्यक्ष, राजस्थान साहित्य अकादमी)**
**चूरू-331001**

# न्यूज़ रूम में 'कोड' का राजः क्या AI छीन लेगा खबरों की रूह?



**मणिमाला शर्मा**
वरिष्ठ पत्रकार और विश्लेषक

*जब 'सच' को इतनी आसानी से बदला जा सकता हो, तो प्रेस की आजादी का मतलब ही क्या रह जाता है? प्रेस की आजादी का आधार 'तथ्य' होते हैं, लेकिन AI ने तथ्यों को ही 'मशीनी खिलौना' बना दिया है। आज फेक न्यूज़ किसी व्हाट्सएप ग्रुप से नहीं, बल्कि हाई-टेक लैब्स से निकलती है, जिसे पकड़ पाना इंसान के बस की बात नहीं रही। यह तकनीक प्रेस की विश्वसनीयता को दीमक की तरह चाट रही है और सच की अर्थी पर तकनीक का यह जश्न लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत तो कतई नहीं है।*
*भारत के बड़े मीडिया हाउस आज गर्व से कह रहे हैं कि वे AI का इस्तेमाल कर रहे हैं, लेकिन इसके पीछे का काला सच 'कॉस्ट कटिंग' और 'छंटनी' है। न्यूज़ रूम का यह 'सफेद हाथी' असल में ऑटोमेटेड जर्नलिज्म की अंधी दौड़ है। जो खबरें कभी एक पत्रकार अपनी संवेदनाओं और ज़मीनी समझ से लिखता था, अब वह काम 'लार्ज लैंग्वेज मॉडल्स' कर रहे हैं। मौसम का हाल, खेल के नतीजे और शेयर बाजार की खबरें अब मशीनें लिख रही हैं। और कुछ चेनल्स पर तो ए आई A I जनित एंकर जो बिल्कुल ह्यूमन एंकर जैसे हैं; मौसम का हाल दर्शकों को बता भी रहे हैं।*

दुनिया साल 2026 में खड़ी है, जहाँ तकनीक ने मानव सभ्यता के हर पहलू को अपनी चपेट में ले लिया है। भले ही आप इसे अच्छा कहें या बुरा , पर यह बात सच साबित हुई है । अब पत्रकारिता को ही ले लें ;जिसे कभी 'इंसानी जज्बे' और 'नैतिक साहस' का पेशा माना जाता था, आज एक बड़े संकट के मुहाने पर खड़ी है। वह संकट है;आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) आज जब हम विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस मना रहे हैं, तो सबसे बड़ा सवाल यह नहीं है कि सत्ता पत्रकार को जेल भेज रही है या नहीं, बल्कि सवाल यह है कि क्या भविष्य में 'पत्रकार' नाम की कोई प्रजाति बचेगी भी या नहीं ? एल्गोरिदम और 'कोड' के इस दौर में खबरों की 'रूह' गायब हो रही है और उसकी जगह ले ली है डेटा के निर्जीव पहाड़ों ने। मशीनी युग के इस संक्रमण काल में पत्रकारिता का पूरा अस्तित्व ही दांव पर लगा हुआ है।

2026 के चुनावी मौसम में हमने देखा कि तकनीक कैसे एक 'भस्मासुर' बन सकती है। डीपफेक तकनीक ने वह कर दिखाया जो कभी असंभव लगता था। किसी भी सम्मानित पत्रकार या राजनेता का चेहरा और आवाज चुराकर उससे कुछ भी कहलवाया जा सकता है। जनता के लिए अब यह पहचानना नामुमकिन हो गया है कि स्क्रीन पर दिख रहा व्यक्ति सच बोल रहा है या वह किसी सॉफ्टवेयर की खुराफात है। जब 'सच' को इतनी आसानी से बदला जा सकता हो, तो प्रेस की आजादी का मतलब ही क्या रह जाता है? प्रेस की आजादी का आधार 'तथ्य' होते हैं, लेकिन AI ने तथ्यों को ही 'मशीनी खिलौना' बना दिया है। आज फेक न्यूज़ किसी व्हाट्सएप ग्रुप से नहीं, बल्कि हाई-टेक लैब्स से निकलती है, जिसे पकड़ पाना इंसान के बस की बात नहीं रही। यह तकनीक प्रेस की विश्वसनीयता को दीमक की तरह चाट रही है और सच की अर्थी पर तकनीक का यह जश्न लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत तो कतई नहीं है।

भारत के बड़े मीडिया हाउस आज गर्व से कह रहे हैं कि वे AI का इस्तेमाल कर रहे हैं, लेकिन इसके पीछे का काला सच 'कॉस्ट कटिंग' और 'छंटनी' है। न्यूज़ रूम का यह 'सफेद हाथी' असल में ऑटोमेटेड जर्नलिज्म की अंधी दौड़ है। जो खबरें कभी एक पत्रकार अपनी संवेदनाओं और ज़मीनी समझ से लिखता था, अब वह काम 'लार्ज लैंग्वेज मॉडल्स' (LLMs) कर रहे हैं। मौसम का हाल, खेल के नतीजे और शेयर बाजार की खबरें अब मशीनें लिख रही हैं। और कुछ चेनल्स पर तो ए आई AI जनित एंकर जो बिल्कुल ह्यूमन एंकर जैसे हैं; मौसम का हाल दर्शकों को बता भी रहे हैं। समस्या यहाँ यह नहीं है कि खबरें मशीन लिख रही हैं ।समस्या यह है कि मशीन के पास 'विवेक' (Conscience) नहीं होता। मशीन को यह नहीं पता कि किसी खबर का समाज पर क्या असर होगा। वह केवल डेटा प्रोसेस करती है। यह बात हम सब भलीभाँति जानते और समझते हैं कि जब आप पत्रकारिता से मानवीय संवेदना को बाहर निकाल देते हैं, तो वह 'न्यूज़' नहीं रहती, वह केवल 'इन्फॉर्मेशन' बनकर रह जाती है। आज न्यूज़ रूम में पत्रकारों की जगह 'प्रॉम्प्ट इंजीनियर्स' ले रहे हैं, जिनका सरोकार जनता के दुख-दर्द से नहीं, बल्कि केवल क्लिक-थ्रू रेट (CTR) से है।

प्रेस की आजादी पर पहले हमला सरकारें करती थीं, अब 'एल्गोरिदम' करते हैं। गूगल, मेटा और एक्स (ट्विटर) के एल्गोरिदम आज तय करते हैं कि कौन सी खबर ट्रेंड करेगी और किसे 'सेंसिटिव' मानकर दबा दिया जाएगा। यह एक तरह की 'अदृश्य तानाशाही' है। यदि कोई स्वतंत्र पत्रकार किसी बड़े कॉर्पोरेट या शक्तिशाली नेता के खिलाफ रिपोर्ट लिखता है, तो उसे सीधे ब्लॉक नहीं किया जाता, बल्कि उसकी 'रीच' खत्म कर दी जाती है। इसे 'शैडो बैनिंग' कहते हैं। पत्रकार चिल्लाता रहता है, लेकिन उसकी आवाज जनता तक पहुँच ही नहीं पाती। 2026 में प्रेस की आजादी का मतलब अब केवल 'बोलने की आजादी' नहीं है, बल्कि 'सुने जाने की आजादी' भी है, जिसे बड़ी टेक कंपनियां अपनी जेब में लेकर घूम रही हैं। यह एल्गोरिदम की सेंसरशिप आज का नया डिजिटल पहरा है।

AI के दौर में पत्रकारिता और जासूसी के बीच की लकीर बहुत पतली हो गई है। पत्रकारों के डिजिटल फुटप्रिंट्स को ट्रैक करना अब बहुत आसान है। सत्ता और शक्तिशाली संगठन AI टूल्स का इस्तेमाल करके पत्रकारों की बातचीत, उनके स्रोत और उनकी अगली चाल का पता लगा लेते हैं। पेगासस जैसे सॉफ्टवेयर तो केवल शुरुआत थे, अब AI के जरिए बिना किसी ऐप के भी पत्रकारों की जासूसी मुमकिन है। जब पत्रकारों के 'सोर्स' सुरक्षित नहीं रहेंगे, तो खोजी पत्रकारिता पूरी तरह मर जाएगी। कोई भी व्हिसलब्लोअर अब किसी पत्रकार से बात करने की हिम्मत नहीं करेगा, क्योंकि उसे पता है कि 'डिजिटल आई' सब देख रही है। निजी डेटा का यह शिकार अंततः पत्रकारिता को एक जासूसी तंत्र में बदल देगा।

साथ ही, AI पत्रकारिता को 'अति व्यावसायिक' बना रहा है। आज खबरें जनता की जरूरत के हिसाब से नहीं, बल्कि विज्ञापनदाताओं की पसंद के हिसाब से 'कस्टमाइज' की जा रही हैं। AI यह ट्रैक करता है कि आपको क्या पसंद है और फिर वही परोसता है। इससे 'इको चैंबर' पैदा हो रहे हैं। यानी आप केवल वही सच देख रहे हैं जो आप देखना चाहते हैं। अलग-अलग नजरिए खत्म हो रहे हैं। एक स्वतंत्र प्रेस का काम समाज को आईना दिखाना होता है, लेकिन AI उसे केवल 'फिल्टर' किया हुआ सच दिखा रहा है, जो नैतिकता के पतन और बाजार के दबाव का परिणाम है। भारतीय संदर्भ में तो न्यूज़ रूम एक 'सर्कस' बन गया है, जहाँ AI का इस्तेमाल 'तमाशे' के लिए ज्यादा हो रहा है। न्यूज़ चैनल्स ने AI एंकर' लॉन्च कर दिए हैं

जो कभी थकते नहीं, कभी बीमार नहीं होते और सबसे बड़ी बात, वे कभी सत्ता से 'कड़वे सवाल' नहीं पूछते। ये रोबोटिक एंकर वही पढ़ते हैं जो उनके सॉफ्टवेयर में फीड किया जाता है। यह पत्रकारिता का 'मशीनीकरण' है और उन युवा पत्रकारों के सपनों पर प्रहार है जो देश को बदलने का जज्बा लेकर इस पेशे में आए थे।

सवाल है कि क्या कोई रास्ता बचा है? क्या हम तकनीक के आगे घुटने टेक दें? बिल्कुल नहीं। रास्ता 'को-एक्जिस्टेंस' का है, लेकिन वह 'पत्रकारिता की शर्तों' पर होना चाहिए। तकनीक का इस्तेमाल डेटा जुटाने और रिसर्च में होना चाहिए, न कि पत्रकार के दिमाग को रिप्लेस करने में। आज पूरी दुनिया को ऐसे अंतरराष्ट्रीय कानूनों की जरूरत है जो AI जनित कंटेंट' पर लेबल लगाना अनिवार्य करें। सभी सरकारों को डीपफेक के खिलाफ सख्त कानून बनाने होंगे और टेक कंपनियों को उनकी जवाबदेही तय करनी होगी। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जनता को समझना होगा कि 'फ्री न्यूज़' का लालच उन्हें 'फेक न्यूज़' की गर्त में धकेल रहा है। अच्छी पत्रकारिता के लिए कीमत चुकानी पड़ती है। यदि हम स्वतंत्र पत्रकारों का समर्थन नहीं करेंगे, तो हमें मशीनी खबरों के साथ जीने के लिए तैयार रहना चाहिए।

अंत में, लड़ाई 'कलम' और 'कोड' के बीच है। कोड के पास गति है, डेटा है, और असीमित शक्ति है। लेकिन कलम के पास वह 'लहू' है जो अन्याय देखकर खौलता है। पत्रकारिता केवल सूचनाओं का लेन-देन नहीं है, यह सत्ता की आँखों में आँखें डालकर सच बोलने का नाम है। एक मशीन कभी जेल नहीं जा सकती, एक मशीन कभी अन्याय के खिलाफ भूख हड़ताल नहीं कर सकती, और एक मशीन कभी उस 'मजलूम' के आंसू नहीं पोंछ सकती जिसकी जमीन छीनी गई हो। AI हमारे हाथ का औजार हो सकता है, लेकिन वह हमारा मस्तिष्क और हमारा दिल नहीं बन सकता। यदि हमने पत्रकारिता की 'मानवीय रूह' को बचा लिया, तभी हम प्रेस की असली आजादी का दावा कर पाएंगे। वरना, 2026 तो सिर्फ शुरुआत है, आने वाले समय में इतिहास केवल एल्गोरिदम के जरिए लिखा जाएगा, सच के जरिए नहीं।

# आजीविका का संकट बढ़ाएगी बढ़ती गर्मी

*पर्यवेक्षण समीक्षा के अधीन 88 प्रतिशत श्रमिकों को इस उच्च तापीय परिस्थितियों में काम करना पड़ा। इनमें से 61 प्रतिशत की उत्पादकता में गिरावट दर्ज की गई। भीषण गर्मी के संपर्क में आने वाले श्रमिकों की उत्पादकता में गिरावट की आशंका भी डेढ़ गुना अधिक थी। इनमें 15 प्रतिशत कर्मियों के समक्ष रोजगार छिनने का संकट भी मंडराया, जबकि सर्दियों में उनका प्रतिशत 9.3 ही रहा। दूसरा पहलू वृहद आर्थिक स्तर से जुड़ा है। जर्नल आफ पालिटिकल इकोनमी में सोमनाथन और उनकी टीम का 'उत्पादकता और श्रम आपूर्ति पर तापमान के प्रभाव' शीर्षक से एक शोध प्रकाशित हुआ था। इसमें सूरत के बुनकरों, एनसीआर और हैदराबाद की गारमेंट-सिलाई लाइनों और भिलाई मिल में स्टील शिफ्टों की परिस्थितियों का विश्लेषण किया गया। इसका निष्कर्ष यह था कि तापमान में प्रति डिग्री सेल्सियस*

एक हालिया आकलन के अनुसार दुनिया के सौ सबसे गर्म शहरों में से 98 भारत में हैं। भीषण गर्मी अपने साथ तमाम मुश्किलें लाती हैं। ये मुश्किलें उस तबके के लिए और विकराल बन जाती हैं, जिन्हें आजीविका के लिए खुले आसमान के नीचे काम करना पड़ता है। स्वाभाविक है कि उनके समक्ष आजीविका का संकट पैदा होता है, क्योंकि उनके लिए किए जाने वाले उपाय पर्याप्त नहीं होते। इससे न केवल श्रमिकों, बल्कि देश की उत्पादकता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। कई शोध भी इसी ओर संकेत करते हैं। इस समस्या का समाधान तलाशने की दिशा में इनके निष्कर्षों पर विचार किया जाना चाहिए। इसमें पहला पैमाना शारीरिक पहलुओं से जुड़ा है।

श्री रामचंद्र संस्थान की विद्या वेणुगोपाल, पीके लता और रेखा षणमुगम का 2026 से संबंधित एक अध्ययन 'साइंटिफिक रिपोर्ट्स' में प्रकाशित हुआ है। इसमें तमिलनाडु के 11 जिलों के उन 1,560 श्रमिकों की गतिविधियों पर दो वर्ष तक नजर रखी गई, जिन्हें कामकाज के लिए बाहर निकलना पड़ता था। अध्ययन में सामने आया कि गर्मियों के दौरान औसत तापमान 29.9 डिग्री सेल्सियस था, जो 27.5 डिग्री सेल्सियस की अधिकतम बर्दाश्त योग्य सीमा से भी ऊपर था। अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार तापमान की इस सीमा से ऊपर निरंतर भारी काम करना असुरक्षित माना जाता है। पर्यवेक्षण समीक्षा के अधीन 88 प्रतिशत श्रमिकों को इस उच्च तापीय परिस्थितियों में काम करना पड़ा। इनमें से 61 प्रतिशत की उत्पादकता में गिरावट दर्ज की गई। भीषण गर्मी के संपर्क में आने वाले श्रमिकों की उत्पादकता में गिरावट की आशंका भी डेढ़ गुना अधिक थी। इनमें 15 प्रतिशत कर्मियों के समक्ष रोजगार छिनने का संकट भी मंडराया, जबकि सर्दियों में उनका प्रतिशत 9.3 ही रहा। दूसरा पहलू वृहद आर्थिक स्तर से जुड़ा है। जर्नल आफ पालिटिकल इकोनमी में सोमनाथन और उनकी टीम का 'उत्पादकता और श्रम आपूर्ति पर तापमान के प्रभाव' शीर्षक से एक शोध प्रकाशित हुआ था। इसमें सूरत के बुनकरों, एनसीआर और हैदराबाद की गारमेंट-सिलाई लाइनों और भिलाई मिल में स्टील शिफ्टों की परिस्थितियों का विश्लेषण किया गया। इसका निष्कर्ष यह था कि तापमान में प्रति डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने पर वार्षिक फैक्ट्री उत्पादन में लगभग दो प्रतिशत की गिरावट आई। हालांकि यह डाटा 2012 तक का ही है, पर इसके निष्कर्षों का निहितार्थ यह है कि गर्मियों का असर पूंजी या कच्चे माल से अधिक श्रम उत्पादकता पर कहीं गहरा पड़ता है। स्पष्ट है कामकाजी स्थल के भीतर एयर कंडीशनर उत्पादकता में गिरावट को तो थाम सकता है, पर उपस्थिति को नहीं। ऐसा इसलिए, क्योंकि एसी वाले कार्यस्थल से निकलकर श्रमिकों को आम तौर पर उन्हीं आवासों में जाना पड़ता है, जहां ऐसी सुविधा नहीं होती और पारा अमूमन 45 डिग्री को पार कर जाता है। गर्मी का तीसरा पहलू मानवीय संवेदनाओं से जुड़ा है। इंडिया डेवलपमेंट रिव्यू में 2024 और 2025 के दौरान सामने आया कि दीमापुर में रेहड़ी लगाने वाली 60 प्रतिशत महिलाओं की सब्जियां गर्मियों में एक ही दिन में खराब हो जाती थीं, जबकि सामान्य दिनों में वे दो-तीन चलती थीं। दिल्ली में 11 से 19 जून, 2024 की हीटवेव में 192 बेघर लोगों की मौत हो गई थी। द लैंसेट काउंटडाउन आन हेल्थ एंड क्लाइमेट चेंज की अक्टूबर 2025 की रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि भारत ने 2024 में भीषण गर्मी के चलते 247 अरब कामकाजी घंटों का नुकसान झेला, जो 1990 के दशक के औसत की तुलना में 124 प्रतिशत अधिक रहा। कृषि क्षेत्र को इसका दो तिहाई और कंस्ट्रक्शन उद्योग को 20 प्रतिशत नुकसान उठाना पड़ा। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार भीषण गर्मियों के चलते 2030 तक उत्पादकता पर होने वाला आघात आठ करोड़ पूर्णकालिक नौकरियों के बराबर होगा।



# जानलेवा लापरवाही

जबलपुर में बरगी बांध में एक क्रूज के डूबने से नौ पर्यटकों की मौत को केवल हादसे की संज्ञा देना सच से मुंह मोड़ना होगा, क्योंकि यदि पर्याप्त सतर्कता बरती गई होती तो जनहानि से बचा जा सकता था। यह क्रूज इसलिए डूबा, क्योंकि तेज आंधी से वह असंतुलित हो गया, लेकिन किसी के लिए भी समझना कठिन है कि खराब मौसम की सूचना के बाद भी क्रूज का संचालन क्यों किया गया? इससे भी गंभीर प्रश्न यह है कि क्रूज की सुरक्षा के न्यूनतम उपाय भी क्यों नहीं किए गए? क्रूज में लाइफ जैकेट थीं, लेकिन उन्हें पर्यटकों को पहनने के लिए निर्देशित ही नहीं किया गया। हादसे में किसी तरह बचे और बचाए गए लोगों की मानें तो लाइफ जैकेट तब दी गईं, जब क्रूज डूबने लगा। स्पष्ट है अफरातफरी के माहौल में लोगों को या तो उन्हें पहनने का अवसर नहीं मिला होगा या फिर वे उन्हें सही तरह पहन नहीं सके होंगे। क्रूज डूबने के बाद घटनास्थल पर पहुंचे बचाव दल को लाइफ जैकेट एक बंडल में बंधे मिले। आखिर यह जानलेवा लापरवाही नहीं तो और क्या है? चूंकि बरगी बांध में डूबा क्रूज मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड की ओर से संचालित किया जा रहा था, इसलिए संबंधित अधिकारियों को जवाबदेह बनाना होगा। केवल घटना पर शोक जताने या फिर मारे गए लोगों के परिवार वालों को मुआवजा देने की घोषणा मात्र से कर्तव्य की इतिश्री नहीं की जानी चाहिए। मध्य प्रदेश सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि जबलपुर हादसे के लिए जिम्मेदार लोग बचने न पाएं। इसके साथ ही उसे सभी पर्यटन स्थलों में पर्यटकों की सुरक्षा के पर्याप्त उपाय करने चाहिए। इसकी अनदेखी न की जाए कि अतीत में भी राज्य के अन्य पर्यटन स्थलों में हादसे हो चुके हैं और उनमें लोगों की जान गई है। कम से कम तीन हादसे तो पिछले साल ही हो चुके हैं। पर्यटन स्थलों में पर्यटकों की सुरक्षा के मामले में केवल मध्य प्रदेश सरकार को ही नहीं, अन्य राज्य सरकारों को भी चेतना चाहिए, क्योंकि ऐसे स्थलों में सुरक्षा की कमी के चलते रह-रहकर दुर्घटनाएं होती ही रहती हैं।



## 251 कलशों के साथ निकली भव्य शोभायात्रा, 7 दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा आरंभ



जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** ग्राम रातल्या स्थित सीमावतों की ढाणी में शनिवार को श्रीमद्भागवत कथा का भव्य शुभारंभ हुआ। शुभ मुहूर्त में तपस्वी बाबा गुरु महाराज मंदिर से गाजे-बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें 251 महिलाओं ने सिर पर मंगल कलश धारण कर भाग लिया। पंडित सुरेश महाराज के सानिध्य में निकली इस शोभायात्रा के दौरान पूरा क्षेत्र हरि-भजनों और जयघोष से भक्तिमय हो उठा। कथा स्थल पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद श्रीमद्भागवत महापुराण का वाचन शुरू किया गया। आयोजनकर्ता जगदीश शर्मा, दिनेश शर्मा व करण शर्मा सीमावत ने बताया कि कथा 8 मई 2026 तक चलेगी। प्रतिदिन सुबह 10:15 बजे से शाम 5 बजे तक कथा का आयोजन होगा। कलश यात्रा के दौरान सुरक्षा और व्यवस्थाओं में परिवारजनों के साथ स्थानीय ग्रामीणों ने भी सक्रिय सहयोग किया। कथा के समापन अवसर पर 8 मई को भंडारे का आयोजन होगा, जिसमें क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

## भन्दे बालाजी पैदल यात्रा समिति ने तीन लाख रुपए की राशि सौंपी



जयपुर टाइम्स

**नरैना(निसं)।** कस्बे की श्री भन्दे बालाजी पैदल यात्रा समिति की ओर से भोजराज जी की छतरी के पास स्थित श्री बाग वाले बालाजी मंदिर में तीन लाख रुपये की शेष बची हुई राशि मन्दिर के विकास कार्यों के लिए शनिवार को आयोजित मीटिंग के दौरान सौंपी गई। समिति से जुड़े शंभूदयाल कुमावत ने बताया कि शेष बची तीन लाख रूपए की राशि गत वर्ष व चालु वित्त वर्ष की है। इस दौरान समिति से जुड़े हुए अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सेवा सप्ताह में विद्यार्थियों को मिली शैक्षणिक सामग्री, बीड़ रामचंद्रपुरा स्कूल में वितरण



जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** कस्बे के बीड़ रामचंद्रपुरा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को विद्यार्थियों को नि:शुल्क शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम का आयोजन एनएसयूआई नेता किशन बैरवा के नेतृत्व में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के जन्मदिवस (3 मई) पर मनाए जा रहे सेवा सप्ताह के तहत किया गया। इस दौरान सैकड़ों जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को पाठ्यपुस्तकें, कॉपियां, स्टेशनरी एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री प्रदान की गई। आयोजन का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना और उनके भविष्य को संवारने में सहयोग देना रहा। कार्यक्रम में कांग्रेस नेता जितेंद्र गोठवाल, प्रीति बैरवा, लोकेंद्र बैरवा, मोहित गोयल सहित अन्य लोगों ने विद्यार्थियों से संवाद कर शिक्षा के महत्व को समझाया और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस पहल से विद्यार्थियों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली। आयोजकों ने बताया कि यह कार्यक्रम जनकल्याण और शिक्षा के प्रति प्रतिबद्ध सोच से प्रेरित है, जिसका उद्देश्य जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा से जोड़ना है।

## घर के बाहर खड़ी बालिका पर फायरिंग का आरोपी 96 घंटे में गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** निहालगंज थाना क्षेत्र के मयूरी नगर में 27 अप्रैल को घर के बाहर खड़ी बालिका पर फायरिंग करने वाले आरोपी को पुलिस ने महज 96 घंटे में गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने कट्टे से दो फायर कर बालिका को घायल कर दिया था, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा व वृताधिकारी कृष्णराज जांगिड के सुपरविजन में थानाधिकारी अमित शर्मा के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्रवाई की गई। प्रकरण के अनुसार 27 अप्रैल को दोपहर करीब 3:10 बजे बालिका घर पर अकेली थी। इसी दौरान आरोपी युवराज उर्फ राज गुर्जर निवासी बड़ापुरा (मोरौली) वहां पहुंचा और बालिका को बाहर आने के लिए कहा। मना करने पर आरोपी ने कट्टे से फायर कर दिया, जो गेट में लगा। इसके बाद बालिका के बाहर आने पर दूसरा फायर किया, जिससे उसके पैर में छर्रे लग गए। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। परिजनों की ओर से बालिका को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार जारी है। घटना के संबंध में निहालगंज थाने में मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की और आरोपी की तलाश में टीम गठित की। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 1 मई 2026 को आरोपी युवराज उर्फ राज (21) को मौरोली मोड़ से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।


# ग्राम रथ अभियान: ग्रामीणों को मिल रही है योजनाओं की जानकारी



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार कृषक, पशुपालकों और ग्रामीण क्षेत्र से संबंधित योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए जिले की 4 विधानसभा क्षेत्रों के गांवों में एलईडी मोबाइल वैन के माध्यम से ग्राम रथ अभियान जारी है। एलईडी मोबाइल वैन की ओर से निर्धारित रूट के अनुसार गांवों में जाकर योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसके अलावा कला-जत्था कलाकार भी अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से आमजन को जागरूक कर रहे हैं। ग्राम रथ अभियान के तहत कृषि, उद्यानिकी, कृषि विपणन, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन, सहकारिता, जल संसाधन, उद्योग, ऊर्जा, राजस्व, पंचायती राज, ग्रामीण विकास विभाग की सहभागिता से कृषकों एवं पशुपालकों सहित ग्रामीणों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इस अभियान के अंतर्गत प्रत्येक रथ में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से योजनाओं की ऑडियो, वीडियो प्रस्तुति की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा कला जत्था के लोक कलाकार आमजन को अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से जागरूक कर रहे है। रथों में सुझाव पेटिका भी उपलब्ध करवाई गई है, जिसमें ग्रामीण अपनी समस्याएं व सुझाव डाल सकेंगे। शनिवार को बाड़ी विधानसभा के राजौरा खुर्द, और कैथरी, राजाखेड़ा विधानसभा के विनतीपुरा,धौलपुर के कैलाशपुरा, बसेड़ी के झिरी, भमपुरा में एलएईडी के माध्यम से विभिन्न विभागों की ओर से संचालित योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई।

## वन्यजीव गणना सफलतापूर्वक संपन्न



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** वन विभाग, धौलपुर की ओर से बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वन्यजीव गणना कार्य सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। यह गणना जिले के समस्त वन क्षेत्रों, वन्यजीव अभयारण्यों व टाइगर रिजर्व क्षेत्र में कुल 57 निर्धारित वाटरहोल/गणना बिंदुओं पर की गई। गणना कार्य 1 मई को सायं 5 बजे प्रारंभ होकर अगले दिवस सायं 5 बजे तक निरंतर संचालित रहा। इस दौरान प्रशिक्षित वनकर्मियों व अधिकारियों की ओर से वाटरहोल पद्धति के माध्यम से वन्यजीवों का प्रत्यक्ष अवलोकन व अभिलेखन किया गया। वन्यजीवों की गतिविधियों के सटीक आंकलन के लिए चयनित बिंदुओं पर आईआर (इन्फ्रारेड) ट्रैप कैमरों का भी उपयोग किया गया। गणना के दौरान बाघ, तेंदुआ, भालू, हिरण प्रजाति (चीतल/सांभर/नीलगाय), जंगली सूअर, सियार, लोमड़ी, लकड़बग्घा सहित अन्य स्थानीय वन्यजीवों की उपस्थिति दर्ज की गई। यह अभ्यास क्षेत्र में वन्यजीवों की संख्या, वितरण व आवास उपयोग के आकलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। गणना कार्य में वन विभाग के अधिकारियों, कार्मिकों एवं स्थानीय स्वयंसेवकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। संपूर्ण प्रक्रिया शांतिपूर्ण व सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण उपरांत विस्तृत प्रतिवेदन पृथक से जारी किया जाएगा।

## कामतानाथ कृषि सेवा केंद्र का शुभारंभ



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** निकटवर्ती तगावली मोड़, राजाखेड़ा रोड स्थित कामतानाथ कृषि सेवा केंद्र का उद्घाटन बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, किसान भाई एवं स्थानीय लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष प्रशांत (प्रिंस) हुंडावाल ने फीता काटकर केंद्र का शुभारंभ किया। साथ ही आचार्य पंडित रामवीर शास्त्री (दिहोली वाले) ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम को धार्मिक गरिमा प्रदान की। इस अवसर पर केंद्र के प्रोपराइटर रविन्द्र कुमार (पप्पू पंडित, चंगोरा वाले) ने बताया कि इस केंद्र पर किसानों के लिए आधुनिक कृषि यंत्र जैसे-कल्टीवेटर, हैरो, रोटावेटर, बुवाई की मशीन, चारा काटने की मशीन, सिंचाई पाइप लाइन, फव्वारा (स्प्रिंकलर), ड्रिप सिस्टम, कांटेदार तार, जाली तथा घरेलू उपयोग के लिए समरसेबल पंप, आटा चक्की आदि उचित दामों पर उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि कृषि विभाग की ओर से देय अनुदान (सब्सिडी) के लिए यह फर्म कृषि विभाग में रजिस्टर्ड है, जिससे किसान भाई सरकारी योजनाओं का लाभ भी प्राप्त कर सकेंगे। उद्घाटन समारोह में क्षेत्र के किसान बंधुओं की विशेष उपस्थिति रही, जिन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए केंद्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अंत में सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया एवं कार्यक्रम का समापन किया गया।

## अवैध खनन पर पुलिस की कार्रवाई: आंगई बाईपास से पत्थर से भरा ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले में अवैध खनन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आंगई थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ब्लॉक पत्थर से भरे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। यह कार्रवाई शनिवार देर रात आंगई बाईपास पर की गई। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. कमल कुमार तथा वृत्ताधिकारी नरेन्द्र मीणा के सुपरविजन में थानाधिकारी कृपाल सिंह के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। रात्रि गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने आंगई बाईपास पर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोका, जिसमें अवैध रूप से ब्लॉक पत्थर भरे हुए थे। वाहन चालक के पास पत्थर परिवहन से संबंधित कोई वैध बिल या रवन्ना नहीं मिला। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर अपने कब्जे में लिया और मामले में भारतीय न्याय संहिता-2023, फॉरेस्ट एक्ट तथा एमएमडीआर एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि अवैध खनन और उसके परिवहन के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## धौलपुर में टेंडर फर्जीवाड़ा उजागर: हेल्थकेयर कंपनी के नाम पर कूटरचित दस्तावेज से ESIC हॉस्पिटल टेंडर हथियाने की कोशिश

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले में टेंडर प्रक्रिया में बड़े फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। आरोप है कि स्वेयर हेल्थ केयर प्रा. लि. के लेटरहेड, सील और लोगो का दुरुपयोग कर श्वस्छ्ष्ट मॉडल हॉस्पिटल के टेंडर को हड़पने की कोशिश की गई। फर्म मालिक संजीव गौड़ ने इस मामले में अपने पूर्व कर्मचारियों कृष्ण दत्त शर्मा और साहिल कश्यप के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कराई है। शिकायत के अनुसार, दोनों आरोपी वर्तमान में एसबीजी प्रोडक्ट्स (बिहार) में कार्यरत हैं, लेकिन खुद को कंपनी का कर्मचारी बताकर फर्जी दस्तावेज तैयार किए। आरोप है कि करीब डेढ़ साल पहले कंपनी से निकाले गए इन कर्मचारियों ने दिसंबर 2025 में दिल्ली स्थित श्वस्छ्ष्ट मॉडल हॉस्पिटल में पैराडाइज एक्सपोर्ट्स के मालिक सागर धवन और करन धवन के साथ मिलकर कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर टेंडर दाखिल किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए सदर थाना पुलिस ने विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस पूरे मामले की तह तक जाने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कह रही है।

## ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट-2026: आधुनिक कृषि क्रांति की ओर राजस्थान का बड़ा कदम

**जयपुर(कास.)** राजस्थान सरकार द्वारा आयोजित ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट -2026 को प्रदेश में आधुनिक, तकनीक आधारित और बाजार उन्मुख कृषि के नए युग की शुरुआत माना जा रहा है। शनिवार को प्रमुख शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी मंजू राजपाल की अध्यक्षता में JECC, सीतापुरा, जयपुर में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों की व्यापक समीक्षा की गई, जिसमें सभी संबंधित कमेटियों एवं FICCI अधिकारियों ने भाग लिया तथा JECC में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बैठक के दौरान प्रमुख शासन सचिव ने आयोजन से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि कार्यक्रम में आने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। आयुक्त कृषि नरेश कुमार गोयल ने विशेष रूप से गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए पेयजल, सरस की लस्सी, छाया और अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि त्र्रू2026 केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि कृषि क्षेत्र में नवाचार, तकनीकी उन्नयन और बाजार से सीधे जुड़ाव का सशक्त मंच बनेगा। इस आयोजन के माध्यम से किसानों को ड्रोन तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, प्रिसिजन फार्मिंग, जैविक एवं प्राकृतिक खेती जैसे अत्याधुनिक कृषि नवाचारों से अवगत कराया जाएगा।

## पीले पानी की शिकायतों पर जलदाय विभाग की त्वरित कार्रवाई, जल गुणवत्ता पूरी तरह सुरक्षित

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास.)** बीसलपुर-जयपुर पेयजल परियोजना के तहत शहर को सूरजपुर स्थित जल शोधन संयंत्र से प्रतिदिन लगभग 605 एमएलडी पेयजल की नियमित आपूर्ति की जा रही है। हाल ही में शहर के कुछ क्षेत्रों से पेयजल के पीले रंग को लेकर प्राप्त शिकायतों पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने तत्परता दिखाते हुए व्यापक जांच करवाई। शिकायतों के बाद बालावाला, जवाहर सर्किल, रामनिवास बाग, अमानीशाह नाला और मानसरोवर स्थित विभिन्न स्वच्छ जलाशयों से पानी के नमूने लेकर गांधीनगर प्रयोगशाला में परीक्षण किया गया। जांच रिपोर्ट में सभी नमूनों में क्लोरीन की पर्याप्त मात्रा पाई गई तथा रासायनिक परीक्षण के आधार पर जल पूर्णतः सुरक्षित और पेय योग्य पाया गया। विभागीय विशेषज्ञों के अनुसार मई माह में तापमान में अचानक वृद्धि के कारण जलाशयों में मौजूद जलीय वनस्पति (क्लोरोफाइटा) के विघटन और क्लोरीन के साथ उसकी प्रतिक्रिया से पानी में अस्थायी रूप से पीलेपन की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। वर्ष 2022 में भी इसी प्रकार की स्थिति सामने आई थी, जिसे वैज्ञानिक परीक्षणों में सुरक्षित पाया गया था। अतिरिक्त मुख्य अभियंता (क्षेत्र द्वितीय) श्री अजय सिंह राठौड़ के निर्देशन में अधीक्षण अभियन्ता रसायनज्ञ की टीम ने सूरजपुरा फिल्टर प्लांट सहित विभिन्न क्षेत्रों में जल गुणवत्ता की गहन जांच की। वहीं मुख्य अभियंता (शहरी एवं एनआरडब्ल्यू) श्री देवराज सोलंकी ने बालावाला एवं रेनवाल स्थित हैडवर्क्स का निरीक्षण कर निरंतर मॉनिटरिंग और विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जलदाय विभाग द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि भविष्य में ऐसी स्थिति की पुनरावृत्ति न हो। इसके लिए विशेषज्ञों से परामर्श लेकर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं, ताकि नागरिकों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल की निर्बाध आपूर्ति बनी रहे।

# विकसित भारत में नारी की सहभागिता महत्वपूर्ण - डॉ. देवनानी







जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास.)।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. वासुदेव देवनानी ने शनिवार को एस.एस. जैन सुबोध पी.जी. महिला महाविद्यालय में आयोजित 'पिनाकल - 2026' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि युवा अपना लक्ष्य स्वयं तय करें। रुचि के विषय ही लें और कुंठाएं न पाले। उन्होंने कहा कि परिवार से संवाद बनाए रखें और मन के भावों को परिवार के सदस्यों को बताने मैं संकोच न करें। डॉ. देवनानी ने कहा कि विकसित भारत में नारी की सहभागिता महत्वपूर्ण है। उन्होंने युवतियों का आह्वान किया कि वे अन्याय के प्रति सावचेत रहे, संस्कारवान बने और अपनी संस्कृति को कभी ना भूले। परिवार समाज और राष्ट्र के लिए जीए। टूटते हुए घरों को रोके। समाज के मूल्यों के प्रति दृढ़ता बनाए रखें। राष्ट्र के लिए रियल नारी बने। उन्होंने कहा कि भारत सर्वोपरि है। हम दुनिया में किसी से कम नहीं है। भारत विश्व गुरु था, है और रहेगा। डॉ. देवनानी ने कहा कि वार्षिक उत्सव परिश्रम, प्रतिभा और संस्कार के समन्वय का उत्सव है, जो उत्कृष्टता के शिखर की ओर बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने महाविद्यालय की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्थान केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि जीवन मूल्यों और आत्मविश्वास का निर्माण कर समाज को सशक्त दिशा प्रदान कर रहा है। 'सुबोध' का वास्तविक अर्थ 'अच्छा ज्ञान' है, और यह संस्थान उसी उद्देश्य को साकार कर रहा है। स्पीकर देवनानी ने नारी शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि जब एक नारी शिक्षित होती है, तो पूरा समाज शिक्षित होता है। भारतीय परंपरा का उल्लेख करते हुए उन्होंने गार्गी और मैत्रेयी जैसी विदुषी महिलाओं का उदाहरण दिया, जिन्होंने प्राचीन काल में ज्ञान-विमर्श में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डॉ. देवनानी ने कहा कि मर्यादा, अनुशासन, प्रतिबद्धता और समर्पण के साथ कार्य करेंगे तो विकास स्वतः हो जाएगा। देवनानी ने कहा कि आज की नारी अब घर तक ही सीमित नहीं है, बल्कि देश की संसद और विधानसभाओं में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रही है, निर्णय लेने की प्रक्रिया का हिस्सा बन रही है और नीतियों को दिशा दे रही है। विज्ञान, तकनीक, सेना, खेल और प्रशासन जैसे हर क्षेत्र में नारी अपनी पहचान स्थापित कर रही है। अब समय आ गया है कि नारी केवल सहभागिता तक सीमित न रहे, बल्कि नेतृत्व की अग्रिम पंक्ति में खड़ी होकर राष्ट्र के निर्माण का मार्ग प्रशस्त करे। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी को दुर्गा, सरस्वती और लक्ष्मी के रूप में पूजनीय माना गया है और जहाँ नारी का सम्मान होता है, वहीं देवत्व का वास होता है। उन्होंने शिक्षा को केवल अंक प्राप्त करने का माध्यम न मानते हुए कहा कि यह सोचने की क्षमता, नैतिकता और सामाजिक जिम्मेदारी विकसित करने का माध्यम है। वर्तमान समय को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और तकनीकी नवाचार का दौर बताते हुए उन्होंने युवाओं से नवाचार, नेतृत्व और नैतिकता के संतुलन के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। श्री देवनानी कहा कि भारत विश्व नेतृत्व की ओर अग्रसर है और इस यात्रा में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। नेतृत्व को परिभाषित करते हुए उन्होंने कहा कि यह केवल पद प्राप्त करना नहीं, बल्कि जिम्मेदारी निभाना और दूसरों को प्रेरित करना है। स्पीकर श्री देवनानी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए महाविद्यालय परिवार को बधाई दी और सभी छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। श्री देवनानी ने उत्कृष्ट छात्राओं को सम्मानित किया।इस मौके पर एस एस जैन सुबोध शिक्षा समिति के अध्यक्ष एन आर कोठारी, मानद सचिव एस एस बोथरा, भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी अल्पा चौधरी, भारतीय सेना की अधिकारी मेजर नीति बंसल सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद थे। महाविद्यालय की प्राचार्य स्वाति जैन ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, रविवार
03 मई, 2026

# सरकारी स्कूल के प्रिंसिपल ने रचा अनोखा इतिहास: टॉपर्स को कराया हवाई सफर, हर साल उड़ान का संकल्प

### फागी के समेलिया स्कूल में शिक्षा के साथ सपनों को भी मिली उड़ान

### निजी खर्च पर दिल्ली भ्रमण कराकर बच्चों में जगाई नई सोच

जयपुर टाइम्स

**फागी(निस)।** सरकारी स्कूलों की छवि को नई ऊंचाई देने वाली एक प्रेरणादायक पहल जयपुर के फागी क्षेत्र स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, समेलिया में देखने को मिली। यहां के संस्था प्रधान अवधेश कुमार चौधरी ने अपने निजी खर्चे पर विद्यालय के होनहार विद्यार्थियों को हवाई यात्रा कराकर न केवल उन्हें अनोखा अनुभव दिया, बल्कि पूरे शिक्षा विभाग में एक मिसाल कायम कर दी। विद्यालय में पिछले तीन वर्षों से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के लिए लगातार नवाचार किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में इस बार बोर्ड परीक्षाओं में 90' से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को हवाई यात्रा का तोहफा दिया गया।

### टॉपर्स को मिला 'उड़ान' का इनाम:

इस विशेष यात्रा में विद्यालय की छात्राएं मनीषा नाराणियाँ, कोमल चौधरी, प्रिया प्रजापत, मनीषा चौधरी और छात्र मनीष बैरवा शामिल रहे। साथ ही राजस्थान विधानसभा में आयोजित युवा संसद में जयपुर जिले का प्रतिनिधित्व करने वाली आयशा सिहाग को भी इस यात्रा का हिस्सा बनाया गया। विशेष बात यह रही कि इस वर्ष 92' अंक लाने वाली संस्था प्रधान की पुत्री श्रेयसी चौधरी को भी समान रूप से इस यात्रा में शामिल किया गया, जिससे समान अवसर और पारदर्शिता का संदेश दिया गया।

### बस से दिल्ली, फ्लाइट से वापसी: बच्चों ने पहली बार भरी उड़ान:

विद्यार्थियों को जयपुर से दिल्ली तक सुपर लक्जरी वोल्वो बस से ले जाया गया, जबकि वापसी इंडिगो फ्लाइट से कराई गई। पहली बार हवाई यात्रा करने वाले बच्चों के चेहरे पर उत्साह और रोमांच साफ नजर आया। यात्रा के दौरान जब फ्लाइट के क्रू मेंबर्स को पता चला कि ये सभी विद्यार्थी स्कूल टॉपर्स हैं, तो उन्होंने भी बच्चों का उत्साहवर्धन किया, जिससे विद्यार्थियों का आत्मविश्वास और बढ़ गया।

### दिल्ली भ्रमण: इतिहास, संस्कृति और देशभक्ति का संगम:

दिल्ली भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने देश की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों को करीब से देखा। उन्होंने लाल किला, लोटस टेंपल, अक्षरधाम मंदिर का भ्रमण किया। साथ ही इंडिया गेट पर अमर जवान ज्योति को नमन कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इसके अलावा राजघाट, वीरभूमि और किसान घाट पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और किसान नेता चौधरी चरण सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित कर विद्यार्थियों ने अच्छे नागरिक बनने का संकल्प लिया। संस्था प्रधान अवधेश कुमार चौधरी का कहना है कि ग्रामीण परिवेश के बच्चों को बड़े सपने दिखाना और उन्हें नई दुनिया से परिचित कराना बेहद जरूरी है। इसी सोच के साथ यह पहल की गई, ताकि विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ जीवन के व्यापक दृष्टिकोण को समझ सकें। उन्होंने संकल्प लिया है कि हर वर्ष अपने निजी खर्चे पर विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को हवाई यात्रा कराई जाएगी, जिससे वे प्रेरित होकर और बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

### शिक्षा में नवाचार की मिसाल

सरकारी स्कूल में इस तरह की पहल न केवल विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाती है, बल्कि समाज को भी यह संदेश देती है कि सही नेतृत्व और सकारात्मक सोच से शिक्षा में क्रांतिकारी बदलाव संभव है।
फागी का यह विद्यालय आज शिक्षा के साथ सपनों को उड़ान देने की नई पहचान बन चुका है।

## निःशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय छाजूसर में कक्षा 9 गत सत्र की छात्राओं को साइकिल वितरण की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता भूतपूर्व सरपंच भंवरलाल खींचड़, समाजसेवी दयानंद खौथ व मुख्य अतिथि प्रभु राम खीचड़ रहे। प्राचार्य कुलदीप सिंह राव ने सभी का आभार जताया। शारीरिक शिक्षक सुनील कुमार फगेडिया ने जनगणना 2027 तथा स्वगणना के बारे में बताया। इस दौरान शिक्षक संदीप चौधरी, सुशील कुमार महर्षि, श्रीचंद, पुष्पा देवी, किरणबाला, अनामिका मौजूद रहे।

## डिग्गी में डूबने से किसान की मौत, तीन बेटियों के सिर से उठा पिता का साया

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** तहसील के नैणासर सुमेरिया गांव में शुक्रवार शाम एक दर्दनाक हादसे में 27 वर्षीय किसान भागीरथ नायक की पानी की डिग्गी में डूबने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि किसान खेत में बनी डिग्गी से पानी निकाल रहा था, तभी पैर फिसलने से वह अंदर गिर गया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उसे बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मृत्यु हो चुकी थी। भानीपुरा थाना पुलिस के हेड कांस्टेबल धर्मवीर के अनुसार मृतक के भाई रामस्वरूप नायक की रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। रिपोर्ट में बताया गया कि भागीरथ नायक हजारीमल सुथार के खेत की काश्त करता था। शुक्रवार शाम करीब साढ़े 4 बजे वह खेत में पानी निकालने गया था, जहां हादसा हो गया। खेत मालिक की ओर से सूचना देने पर परिजन मौके पर पहुंचे, जहां डिग्गी में शव तैरता हुआ मिला। पुलिस ने शव को सरदारशहर के राजकीय उपजिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाकर पोस्टमार्टम करवाया और बाद में शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार मृतक का विवाह करीब 8 वर्ष पूर्व हुआ था और उसके तीन छोटी बेटियां हैं। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया, वहीं गांव में शोक की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने परिजनों को सांत्वना दी।



## खोया मोबाईल मालिक को लौटाया

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** ईमानदारी अभी भी जिंदा है। स्थानीय निवासी अब्दुल अजीज ने, जिनको शुक्रवार शाम के समय गाँधी बालिका स्कूल के आसपास एक एंड्राइड मोबाइल मिला, उन्होंने टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार को सूचित किया। स्वर्णकार के सोशल मीडिया स्टेटस से सांसी बस्ती स्थित सुरेश सांसी का मोबाइल गुम होने की सूचना मिली। जिस पर अब्दुल अजीज ने मोबाइल मालिक सुरेश को मोबाइल सौंपा। सुरेश ने स्वर्णकार ओर अब्दुल अजीज का शुक्रिया अदा किया।



## प्री काउन्सलिंग सत्र आयोजित



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार 9 मई को आयोजित होने वाली लोक अदालत की तैयारियों के तहत मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों के अधिक से अधिक निस्तारण के लिए प्री काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया। तालुका विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप भाटी की अध्यक्षता में बीमा कंपनीयों के नोडल अधिकारियों के साथ मीटिंग हुई। जिसमें आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना दावा के लंबित प्रकरणों के निस्तारण में आने वाली समस्याओं व उनके निराकरण के संबंध में चर्चा की गई, ताकि न्यायालय में लंबित ऐसे प्रकरण जिनमें राजीनामें से निस्तारण की संभावना है, उनको शामिल किया जा सके। उक्त बैठक में अधिवक्ता धीरेंद्र सिंह राठौड़, भीमशंकर शर्मा, अमर सिंह राठौड़, रामचंद्र बेंदा, बनवारी लाल जाट, कैलाश, सलीम, नवरत्न आदि उपस्थित रहे।


## तेज आंधी ने लोगों को किया परेशान

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** लगातार दूसरे दिन आए तेज अंधड़ ने आम जन जीवन को प्रभावित किया। आँधी से मांडेता रोड़ स्थित रमजान के घर की छत पर स्थित बिरंडी टूट गई। मनीमत ये रही कि घर का कोई सदस्य चपेट में नहीं आया। रफीक राजस्थानी ने बताया कि मेरे भाई रमान के घर की बिरंडी से तिरपाल लगाया हुआ था, ताकि आंगन में धूप नहीं आए। लेकिन आंधी के दौरान तिरपाल पर हवा का जोर पड़ा, जिससे बिरंडी भी चौक में गिर गई। दूसरी ओर आंधी के कारण आम जन जीवन पर काफी असर पड़ा और लोगों को परेशानियां उठानी पड़ी।

**CHNAGE OF NAME**

I RAJ KUMAR DADHEECH S/O GANESH NARAYAN DADHEECH R/O CHUNGI CHOKI KE SAMNE, SUJANGARH, DIST.- CHURU, HAVE CHANGED MY NAME TO RAJKUMAR DADHICH AND MY FATHER NAME TO GANESH NARAYAN DADHICH FOR ALL FUTURE PURPOSE AND PASSPORT PURPOSE

## सवाई बड़ी में 44वां वार्षिक भंडारा सम्पन्न, हवन-जागरण में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** तहसील के सवाई बड़ी गांव में नागा बाबा श्री श्री 1008 मोतीगीरी महाराज के समाधि स्थल पर 44वां वार्षिक भंडारा एवं हवन श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में सम्पन्न हुआ। महंत राजेश गिरि के सानिध्य में आयोजित तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम में दूर-दराज से आए संतों व हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया। कार्यक्रम की शुरूआत 30 अप्रैल को संगीतमय रामायण पाठ से हुई, जिसमें श्रद्धालु भाव-विभोर होकर शामिल हुए। 1 मई को आयोजित रक्तदान शिविर में युवाओं और भक्तों ने उत्साह के साथ भाग लिया, जिसमें कुल 81 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। रात्रि में आयोजित विशाल जागरण में सावर सिंह राजपुरोहित सहित संतों ने भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। शनिवार को विद्वान पंडितों के सानिध्य में हवन का आयोजन किया गया, जिसमें संतों व श्रद्धालुओं ने आहुति देकर सुख-समृद्धि की कामना की। आयोजन में हरियाणा, उत्तरप्रदेश, पंजाब, राजस्थान और गुजरात सहित विभिन्न राज्यों से पहुंचे साधु-संतों ने समाधि स्थल पर धोक लगाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। महंत सुंदर गिरि ने बताया कि तीन दिवसीय इस आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्रामवासियों, संतों और श्रद्धालुओं का सराहनीय सहयोग रहा।

## बीडीके अस्पताल में 'Hey Doc' ऐप की शुरुआत: घर बैठे कटेगी ओपीडी पर्ची, QR से बनेगी आभा आईडी



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** जिले के बीडीके हॉस्पिटल में मरीजों की सुविधा के लिए 'Hey Doc' ऐप के साथ हेल्प डेस्क शुरू की गई है। इस नई डिजिटल व्यवस्था के तहत मरीज अब अपने मोबाइल से घर बैठे रजिस्ट्रेशन कर डिजिटल टोकन प्राप्त कर सकेंगे और अस्पताल पहुंचकर सीधे काउंटर से ओपीडी पर्ची ले सकेंगे। अस्पताल परिसर में जगह-जगह QR कोड लगाए गए हैं, जिन्हें स्कैन कर मरीज अपनी ABHA ID बना सकते हैं। इसके माध्यम से मरीज अपनी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी डिजिटल रूप से अस्पताल से साझा कर सकेंगे, जिससे इलाज की प्रक्रिया सरल और तेज होगी। अस्पताल के पीएमओ डॉ. जितेंद्र भाम्बू ने बताया कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप अस्पताल में डिजिटल सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है। मरीज एंड्रॉइड या अन्य स्मार्टफोन पर 'Hey Doc' ऐप डाउनलोड कर आसानी से रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस ऐप के माध्यम से मरीजों की जांच रिपोर्ट और पूरा हेल्थ रिकॉर्ड सुरक्षित रहेगा। अक्सर ओपीडी पर्ची या पुरानी रिपोर्ट गुम हो जाती है, लेकिन डिजिटल रिकॉर्ड होने से डॉक्टर किसी भी समय मरीज का पुराना डेटा देख सकेंगे। अस्पताल में रजिस्ट्रेशन काउंटर के पास हेल्प डेस्क भी स्थापित की गई है, जहां स्टाफ मरीजों को ऐप इंस्टॉल करने, रजिस्ट्रेशन करने और प्रोफाइल लिंक करने की पूरी प्रक्रिया समझा रहा है। तकनीक से अपरिचित लोगों को भी यहां विशेष सहायता दी जा रही है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य अस्पताल में भीड़ कम करना और मरीजों का समय बचाना है। प्रशासन का लक्ष्य है कि भविष्य में फास्ट ट्रैक काउंटर भी बढ़ाए जाएं, ताकि डिजिटल रजिस्ट्रेशन कराने वाले मरीजों को और तेजी से सेवाएं मिल सकें।

## राजलदेसर में वैदिक गुरुकुलम् स्थापना द्वितीय दिवस समारोह, वेद अध्ययन पर जोर



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** भगवती भद्रकाली शक्ति पीठ वैदिक सनातन संस्कृति संरक्षण संस्थान में वैदिक गुरुकुलम् स्थापना के द्वितीय दिवस समारोह का आयोजन संतों, वेद विद्या के विद्वानों और श्रद्धालुओं की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में गुरुकुल परंपरा और वेद अध्ययन के महत्व पर विस्तार से विचार रखे गए। समारोह को संबोधित करते हुए आचार्य सियारामदास नैयायिक ने कहा कि गुरुकुलों की स्थापना से भारत का नवोत्थान संभव है। उन्होंने कहा कि वेदों के अध्ययन से एक ओर मोक्ष की प्राप्ति होती है, वहीं दूसरी ओर संस्कारयुक्त जीवन का निर्माण होता है। उन्होंने वेद विद्या के अध्ययन में शुद्ध उच्चारण के महत्व पर विशेष बल दिया। शिवबाड़ी, बीकानेर के संत विमर्शानंदजी महाराज ने कहा कि गुरुकुलों का संचालन चुनौतीपूर्ण कार्य है, लेकिन भारतीय शिक्षा पद्धति की आत्मा गुरुकुलों में ही निहित है। उन्होंने बताया कि प्राचीन समय में देश में हजारों गुरुकुल थे, जिनकी ख्याति विश्वभर में थी। प्रो. भगवान सहाय शर्मा ने संस्कृत में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि श्रेष्ठ आचरण की शिक्षा का सर्वोत्तम माध्यम गुरुकुल ही है। वहीं सरदारशहर के आचार्य पं. बालकृष्ण कौशिक ने कहा कि धर्म के सात स्तंभों में से पांच गुरुकुलीय शिक्षा से स्थापित होते हैं। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा ने कहा कि सनातन धर्म का संरक्षण गुरुकुलों के माध्यम से ही संभव है। इस अवसर पर वैदिक गुरुकुलम् के संस्थापक दण्डी स्वामी जोगेन्द्राश्रमजी महाराज की ओर से सहयोगी श्रद्धालुओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. चेतन स्वामी ने किया। समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## सीकर से 30 श्रद्धालुओं ने पूरी की चारधाम यात्रा, बोले-जीवन का सपना हुआ साकार




जयपुर टाइम्स

**सीकर(निस)।** जोरावर नगर निवासी मुकेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में 22 अप्रैल को सीकर से रवाना हुआ 30 श्रद्धालुओं का दल उत्तराखंड की पावन चारधाम यात्रा पूर्ण कर लौटा। श्रद्धालुओं ने क्रमशः यमुनोत्री धाम, गंगोत्री धाम, केदारनाथ मंदिर और बद्रीनाथ मंदिर के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। यात्रा में भाजपा शहर महामंत्री महावीर प्रसाद सैन भी अपने परिवार सहित शामिल हुए। उनके साथ गजानंद जांगिड, कमला देवी सेन, सुनीता देवी सेन, महावीर जांगिड, मुकेश जांगिड, रतन जांगिड, जगदीश कुमावत, सीताराम कुमावत, मदन कुमावत, वर्दीचंद कुमावत, बलदेव कुमावत, गिरधारी कुमावत, आदित्य शर्मा, नरेंद्र सिंह शेखावत, मनीष सहित अन्य श्रद्धालु भी यात्रा में शामिल रहे। यात्रा के सफल संचालन में बस चालक सूरज योगी का विशेष योगदान रहा। श्रद्धालुओं ने इस आध्यात्मिक यात्रा को जीवन का अविस्मरणीय अनुभव बताते हुए कहा कि चारधाम यात्रा करना उनका सपना था, जो अब साकार हो गया। उन्होंने इस यात्रा को आस्था, श्रद्धा और उत्साह से भरपूर बताया।

## खेत देखने गए दो लोगों पर बदमाशों का हमला, लाठी-कुल्हाड़ियों से पीटा; दोनों गंभीर घायल

**राजलदेसर(निस)।** आथुनी रोही क्षेत्र में खेत देखने गए दो व्यक्तियों पर अज्ञात बदमाशों की ओर से जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 21 निवासी 40 वर्षीय शीशपाल लोहार और 50 वर्षीय नेमीचंद नायक शनिवार को खेत देखने गए थे, तभी वहां पहले से मौजूद 5 से 7 बदमाशों ने अचानक उन पर हमला कर दिया। हमलावरों ने लाठियों और कुल्हाड़ियों से दोनों पर ताबड़तोड़ वार किए, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। हमले में शीशपाल लोहार के पैर में फ्रैक्चर होने की भी जानकारी मिली है। घायल शीशपाल ने बताया कि वह हमलावरों को नहीं जानते और उनसे कोई पुरानी रंजिश भी नहीं है। उन्होंने मदद के लिए आवाज लगाई, लेकिन बदमाश लगातार मारपीट करते रहे। घटना के बाद दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए राजलदेसर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर उन्हें उच्च चिकित्सा केंद्र के लिए रेफर कर दिया गया।

## प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को दी जाएगी छात्रवृति

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शाकद्वीपीय ब्राह्मण उच्च शिक्षा समिति बीकानेर की ओर से शाकद्वीपीय ब्राह्मण समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति व प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा। समिति के चूरू जिला प्रभारी गिरधर शर्मा ने बताया कि वर्ष 2026 के लिए शाकद्वीपीय ब्राह्मण समाज के चूरू, बीकानेर, गंगानगर, हनुमानगढ़, नागौर, सीकर, डीडवाना- कुचामन जिलों के आर्थिक दृष्टि से कमजोर कक्षा 10 में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त विद्यार्थियों को नीट, जेईई कोचिंग के लिए 35000 रुपए प्रति छात्र छात्रवृत्ति एवं कक्षा 12 में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त विद्यार्थियों को सीए कोचिंग के लिए 35000 रुपए प्रति छात्र छात्रवृत्ति दी जाएगी। वरीयता के आधार पर कक्षा दस के टॉप 20 विद्यार्थियों को 2500 रुपए प्रति छात्र प्रोत्साहन राशि पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए पात्र विद्यार्थियों से आवेदन की अंतिम तिथि 15 मई निर्धारित है। पात्र विद्यार्थी आवेदन के लिए संयोजक महेश भोजक 9414001801, आरके शर्मा 9414139950 से संपर्क कर सकते हैं।

## बस की चपेट में आने से युवक की मौत

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सुजानगढ़ सालासर रोड पर बोबासर पुलिया के पास निजी बस की चपेट मे आने से पैदल जा रहे युवक की दर्दनाक मृत्यु हो गई। सूचना पर टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार, एम्बुलेंस चालक नवरत्न बिजारणिया, कुलदीप सिंह राठौड़ मौके पर पहुंचे तथा शव को सुजानगढ़ अस्पताल की मोरचरी मे रखवाया। मृतक की पहचान ओमप्रकाश (36) पुत्र सीताराम जाट, निवासी डोटासरा (पाटोदा) लक्ष्मणगढ़ सीकर के रूप मे हुई है। जानकारी के मुताबिक युवक शादीशुदा है और दो बच्चे हैं। सदर पुलिस सुजानगढ़ के हेड कांस्टेबल महेंद्र मीणा मौके पर पहुंचे तथा मामले की जानकारी ली। पुलिस मामले की जाँच कर रही है। परिजनों ने बस चालक की ओर से लापरवाही से बस चलाते हुए टक्कर मारने का आरोप लगाया है। परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

## हल्की बारिश में ही डूबे शहर के रास्ते, जलभराव ने खोली व्यवस्थाओं की पोल

जयपुर टाइम्स

**सीकर।** शहर में हुई हल्की बारिश ने जहां भीषण गर्मी से राहत दी, वहीं शहर की बदहाल व्यवस्थाओं की पोल भी खोल दी। थोड़ी देर की बारिश में ही कई प्रमुख मार्गों पर जलभराव की स्थिति बन गई, जिससे आमजन को भारी परेशानी उठानी पड़ी। शहर के लाल कुआं, खादू की कुई, कबूतरिया कुआं सहित कई मुख्य रास्तों पर गंदा पानी भर जाने से सड़कें जलमग्न हो गईं। जलभराव के कारण आवागमन प्रभावित हुआ और राहगीरों को कीचड़ व गंदगी के बीच गुजरना पड़ा। दुकानदारों और स्थानीय निवासियों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर वर्ष बारिश के दौरान यही हालात बनते हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा। उनका कहना है कि यदि हल्की बारिश में ही यह स्थिति है, तो तेज बारिश में हालात और भी बिगड़ सकते हैं। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि समय रहते जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए और बारिश के मौसम को देखते हुए आवश्यक इंतजाम किए जाएं, ताकि आमजन को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।



## चलती बस में बैग काटकर चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के चार आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिले के सरदारशहर थाना क्षेत्र में चलती बस में बैग काटकर सोने के आभूषण चोरी करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश कर पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रसाद एम. ने शुक्रवार शाम प्रेस वार्ता कर जानकारी दी कि अजीतसर निवासी दीनदयाल ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि 27 अप्रैल को वह अपनी पत्नी के साथ रतनगढ़ से बस में गांव जा रहे थे। यात्रा के दौरान कुछ युवक बस में चढ़कर भीड़ का फायदा उठाकर उनकी पत्नी का ट्रॉली बैग सीट के पीछे खिसका दिया। घर पहुंचने पर बैग की चैन टूटी हुई और अंदर से कटा हुआ मिला, जिसमें रखे सोने के आभूषण और 10,000 रूपये नकद गायब मिले। एसपी ने बताया कि चोरी हुए सामान में 5 ग्राम सोने का मंगलसूत्र, 37 ग्राम सोने का टेवटा व दस हजार रूपये नकदी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत टीमों का गठन कर सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर सूत्रों से राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश में सर्च अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस को चार जनों को पकड़ने में सफलता मिली, इसमें इरफान (28), विक्की (19), मेहताब (29) व सलाउद्दीन (50) को गिरफ्तार किया। पकड़े गए सभी आरोपी उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले के निवासी हैं और सरदारशहर में किराए के मकान में रह रहे थे। पुलिस के अनुसार यह गिरोह बसों में भीड़ का फायदा उठाकर बैग की चेन तोड़ने की वारदातों को अंजाम देते हैं। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ जारी है और अन्य आरोपियों व चोरी के माल की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक महेन्द्र सिंह, कांस्टेबल विनोद कुमार, शिवकुमार और भोजूराम की विशेष भूमिका रही। एसपी ने आमजन से अपील की है कि यात्रा के दौरान अपने सामान का विशेष ध्यान रखें और संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तुरंत सूचना दें।

# अस्पतालों में हीट वेव को लेकर सख्ती, सीएमएचओ डॉ. मीणा ने दिए पुख्ता इंतजामों के निर्देश

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)।** बढ़ती गर्मी और संभावित हीट वेव के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से राज्य स्तर से आए जिला नोडल अधिकारी डॉ अनमोल खंडेलवाल और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ धर्मसिंह मीणा ने शुक्रवार को उपखंड बाड़ी में महत्वपूर्ण बैठक लेकर जिला अस्पताल, सीएचसी और सभी स्वास्थ्य केंद्रों की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि गर्मी के मौसम में मरीजों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए और छोटी कमियों को तत्काल दूर किया जाए। बैठक में डॉ. मीणा ने चिकित्सा अधिकारी प्रभारियों को निर्देश दिए कि सभी पीएचसी और सीएचसी में हीट स्ट्रोक के मरीजों के लिए अलग से बेड रिजर्व किए जाएं। अस्पतालों में कूलिंग व्यवस्था, ठंडा पानी, आइस पैक, ओआरएस, आईवी फ्लूड जैसे जरूरी दवाओं जैसे पैरासिटामोल का पर्याप्त स्टॉक सुनिश्चित हो। मरीजों और उनके परिजनों के लिए पेयजल और छाया की अनिवार्य व्यवस्था की जाए। 108 एम्बुलेंस में भी कूलिंग सुविधा और आवश्यक जीवन रक्षक दवाएं उपलब्ध रखी जाएं। उन्होंने सभी चिकित्सा संस्थानों में अग्निशमन यंत्रों, स्प्रिंकलर सिस्टम दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने निःशुल्क दवा एवं जांच योजना के तहत अस्पतालों में दवाओं की उपलब्धता और लैब मशीनों की स्थिति पर भी चर्चा की।

मौसमी बीमारियों पर निगरानी

बैठक में उन्होंने डेंगू और मलेरिया की रोकथाम के लिए लार्वा सर्वे करने और ब्लड बैंक में प्लेटलेट्स की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत हाई रिस्क क्षेत्रों में कैंप लगाकर मरीजों की जांच करने पर जोर दिया गया। बैठक के दौरान जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शिव कुमार शर्मा, बीसीएमओ बाड़ी डॉ.गब्बर सिंह, सहित सभी चिकित्सा अधिकारी प्रभारी मौजूद रहे।

## राजगुरु सर्किल पर अतिक्रमण से बिगड़ी ट्रैफिक व्यवस्था, जाम से लोग परेशान



जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(पाली)।** शहर के राजगुरु सर्किल पर अतिक्रमण के चलते ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो रही है। शुक्रवार को भी सर्किल पर लंबे समय तक जाम लगा रहा, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों के अनुसार राजगुरु सर्किल से पंचायत समिति तक फुटपाथ पर लंबे समय से अतिक्रमण है। दुकानदारों ने सड़क किनारे तक सामान फैला रखा है, जिससे पैदल चलने वालों को सड़क पर चलना पड़ता है। इसके साथ ही अवैध पार्किंग के कारण यातायात और बाधित हो रहा है। बारिश के दौरान क्षेत्र में जलभराव की स्थिति भी सामने आ चुकी है। फुटपाथ पर कब्जा होने के कारण लोगों को पानी भरी सड़कों से गुजरना पड़ता है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद अतिक्रमण हटाने और ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। शहरवासियों ने प्रशासन से अतिक्रमण हटाने, अवैध पार्किंग पर कार्रवाई करने और ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने की मांग की है।

## गिरादड़ा हाईवे बना 'मौत का मोड़': हादसों से भड़के ग्रामीणों का धरना



जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(पाली)।** स्टेट हाईवे-64ए पर गिरादड़ा के पास लगातार हो रहे सड़क हादसों से आक्रोशित ग्रामीण शनिवार को सड़क पर उतर आए और हाईवे किनारे धरना देकर प्रशासन व पीडब्ल्यूडी के खिलाफ विरोध जताया। खतरनाक मोड़ और स्पीड ब्रेकर की कमी के चलते क्षेत्र में दुर्घटनाएं बढ़ने से ग्रामीणों में रोष है। ग्रामीणों का कहना है कि पास में स्कूल होने के बावजूद तेज रफ्तार वाहनों पर कोई नियंत्रण नहीं है। कई बार शिकायत करने के बावजूद प्रशासन ने समस्या के स्थायी समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया, जिससे यह मार्ग अब 'मौत का मोड़' बनता जा रहा है। धरने की सूचना पर पहुंचे कांग्रेस नेता हरिशंकर मेवाड़ा ने अधिकारियों को मौके पर बुलाकर कड़ा रुख अपनाया और तत्काल समाधान की मांग की। मौके पर पहुंचे एसडीएम सहित अन्य अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि दो दिन के भीतर स्पीड ब्रेकर बनाए जाएंगे और सड़क की खामियों को दूर किया जाएगा। इसके बाद ग्रामीणों ने धरना समाप्त कर दिया। हालांकि, ग्रामीणों का कहना है कि यदि तय समय में सुधार नहीं हुआ तो वे फिर से आंदोलन करेंगे। अब देखने वाली बात यह होगी कि प्रशासन अपने वादों पर कितना खरा उतरता है।

## सुमेरपुर में जनगणना-2027 की तैयारियां तेज, 16 मई से घर-घर सर्वे शुरू

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(पाली)।** आगामी जनगणना-2027 को लेकर नगर पालिका क्षेत्र में तैयारियां तेज हो गई हैं। प्रथम चरण के तहत 16 मई से 14 जून 2026 तक मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा। इसके लिए प्रशासन ने प्रशिक्षण और जागरूकता अभियान शुरू कर दिया है। अधिशासी अधिकारी नरपतसिंह राजपुरोहित ने बताया कि नगर पालिका सभागार में जिला मुख्य जनगणना अधिकारी (जिला कलेक्टर, पाली) के निर्देशन में फील्ड ट्रेनर पूर्ण कुमार एवं विक्रम जानी द्वारा पहले बैच के 40 सुपरवाइजर और प्रगणकों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में जनगणना से जुड़े सभी पहलुओं की जानकारी दी गई और प्रतिभागियों के प्रश्नों का समाधान किया गया। प्रशासन ने स्व-गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) पर विशेष जोर दिया है। 1 मई से 15 मई तक चल रहे इस अभियान के तहत सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों को ऑनलाइन स्व-गणना करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए मोबाइल या कंप्यूटर के माध्यम से पोर्टल पर पंजीकरण कर ओटीपी वेरिफिकेशन के बाद 33 प्रश्नों के उत्तर भरने होंगे, जिससे एक यूनिक आईडी जनरेट होगी। जनभागीदारी बढ़ाने के लिए शहर के प्रमुख चौराहों पर होर्डिंग्स लगाए गए हैं। कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से जिंगल चलाकर आमजन को जागरूक किया जा रहा है, वहीं पालिका कर्मचारी वार्ड स्तर पर जाकर लोगों को स्व-गणना के लिए प्रेरित कर रहे हैं। प्रशिक्षण के अंतिम दिन चयनित कार्मिकों को वार्ड में ले जाकर प्रायोगिक प्रशिक्षण भी दिया गया, जिससे उन्हें जमीनी स्तर पर जनगणना प्रक्रिया का अनुभव मिल सके। प्रशासन का लक्ष्य अधिक से अधिक लोगों को स्व-गणना से जोड़ते हुए इस राष्ट्रीय अभियान को सफल बनाना है।

## बाड़ी अस्पताल पर लापरवाही के आरोप: बच्चेदानी ऑपरेशन के लिए महिला एक साल से भटकती रही

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर/बाड़ी(निस)।** बाड़ी उपखंड के कंचनपुर क्षेत्र से सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल खड़े करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक महिला पिछले करीब एक वर्ष से बच्चेदानी (यूटेरस) के ऑपरेशन के लिए सरकारी अस्पताल के चक्कर काट रही है, लेकिन हर बार उसे टाल दिया गया। परिजनों के अनुसार महिला की हालत गंभीर है और पिछले तीन महीनों से लगातार रक्तस्राव हो रहा है। आरोप है कि मामला प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. समरवीर सिंह के संज्ञान में होने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। मामला तब उजागर हुआ जब पीड़ित महिला मुस्कान समिति के कार्यालय पहुंची। समिति के सचिव अमित जादौन ने पहल करते हुए महिला को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन यहां भी ड्यूटी डॉक्टर ने उसे जयपुर रेफर करने की सलाह दे दी। समिति ने आरोप लगाया कि बिना सिफारिश मरीजों को भर्ती और ऑपरेशन की सुविधा नहीं मिल रही, जो गंभीर चिंता का विषय है। इस संबंध में जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की गई है। इसी दौरान अस्पताल में बी पॉजिटिव रक्त की कमी होने पर सदर थाना में तैनात पुलिसकर्मी रामसहाय कंसाना ने रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। समिति ने उनके इस कार्य की सराहना की। घटना ने सरकारी अस्पतालों की कार्यप्रणाली और मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या कार्रवाई करता है।

### जालोर एमसीएच में नवजात शिशु का सफल उपचार

## मुख्यमंत्री आयुष्मान आयोग्य योजना बनी जीवनदायिनी

जयपुर टाइम्स



**जालोर(निस)।** मातृ व शिशु स्वास्थ्य केंद्र जालोर की एसएनसीयू यूनिट में भीनमाल के एक निजी अस्पताल से गंभीर अवस्था में रेफर होकर आए नवजात शिशु का सफलतापूर्वक उपचार कर उसे नया जीवन प्रदान किया गया। एमसीएच के प्रभारी डॉ. नैनमल परमार ने बताया कि जन्म के समय शिशु का वजन मात्र 1.07 किलोग्राम था और वह 30 सप्ताह से पूर्व (प्रीमैच्योर) जन्मा था। भर्ती के समय शिशु नवजात सेप्सिस (गंभीर संक्रमण) से ग्रसित था, जिसके कारण उसे विशेष निगरानी एवं क्रिटिकल केयर की आवश्यकता थी। डॉ. परमार ने बताया कि इतनी गंभीर स्थिति में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना शिशु के लिए जीवनदायिनी साबित हुई। योजना के अंतर्गत क्रिटिकल केयर नियोनेटल पैकेज में शिशु का सम्पूर्ण उपचार निःशुल्क किया गया, जिससे परिजनों पर किसी भी प्रकार का आर्थिक भार नहीं पड़ा। यह योजना विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए बड़ी राहत सिद्ध हो रही है।
चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ व स्वास्थ्य मार्गदर्शकों के समर्पित प्रयासों और आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के प्रभावी उपयोग से शिशु की स्थिति में निरंतर सुधार हुआ। लगभग 42 दिनों तक चले गहन उपचार के बाद शिशु पूर्णतः स्वस्थ हो गया। डिस्चार्ज के समय उसका वजन बढ़कर 1.480 किलोग्राम हो गया, जो उसके स्वास्थ्य में आए सकारात्मक परिवर्तन को दर्शाता है। शिशु को 15 अप्रैल 2026 को सफलतापूर्वक डिस्चार्ज किया गया।
इस उपचार पर लगभग 3,60,360 की राशि का क्लेम मुख्यमंत्री आयुष्मान योजना के अंतर्गत स्वीकृत किया गया है, जो योजना के तहत अस्पताल को प्राप्त होगी। इस प्रकार राज्य सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना ने न केवल नवजात को जीवनदान दिया, बल्कि उसके परिवार को भी आर्थिक चिंता से मुक्त किया। नवजात के उपचार में एसएनसीयू प्रभारी डॉ. मुकेश चौधरी, डॉ. बाबूलाल चौधरी, एसएनसीयू नर्सिंग प्रभारी मनोहर लाल सहित स्टाफ सदस्य महेंद्र, नितिन, प्रवीण, दिव्या व स्वास्थ्य मार्गदर्शक आमिर खान शेख की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सभी के समन्वित व समर्पित प्रयासों से यह जटिल उपचार सफलतापूर्वक संपन्न हो सका।

## *सांडेराव में 'जहरीले घी' का खेल बेनकाब: 200 लीटर नकली देसी घी जब्त, फैक्ट्री चलाते पकड़े गए दो आरोपी*

### पाम ऑयल और केमिकल से बन रहा था 'घी', डेयरी से भी सप्लाई; पुलिस की सख्त कार्रवाई से हड़कंप

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर/सांडेराव (पाली)** जिले के सांडेराव थाना क्षेत्र में आमजन की सेहत से खुलेआम खिलवाड़ करने वाले मिलावटखोरों के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नकली देसी घी बनाने के गोरखधंधे का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने छापा मारकर करीब 200 लीटर मिलावटी घी, गैस भट्टी, कड़ाही और अन्य उपकरण जब्त किए हैं। इस मामले में प्रकाश (22) और पेमाराम (55) को गिरफ्तार किया गया है। कार्रवाई के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस के अनुसार 28 अप्रैल को मिली गुप्त सूचना के आधार पर टीम ने एक मकान में दबिश दी, जहां पाम ऑयल और केमिकल मिलाकर नकली देसी घी तैयार किया जा रहा था। मौके पर ही आरोपी प्रकाश को 'घी' बनाते हुए पकड़ा गया। वहां से बड़े पैमाने पर तैयार माल, ड्रम और उपकरण बरामद किए गए।

### डेयरी से चल रही थी सप्लाई चेन:

जांच में सामने आया कि यह मिलावटी घी स्थानीय डेयरी के जरिए असली बताकर बेचा जा रहा था। पुलिस ने सांडेराव की एक डेयरी पर छापा मारकर करीब 60 लीटर नकली घी बरामद किया और डेयरी संचालक पेमाराम को भी गिरफ्तार कर लिया। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मौके पर सैंपल लेकर जांच प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### स्वास्थ्य से खिलवाड़, सख्त धाराओं में केस दर्ज

दोनों आरोपियों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा व मानक अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क की कड़ियां जोड़ने में जुटी है, जिससे यह पता लगाया जा सके कि यह जहरीला घी कहां-कहां सप्लाई किया जा रहा था। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि आमजन के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और इस तरह के अवैध कारोबार पर लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि मिलावट या किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत हेल्पलाइन 9251255006 पर दें। सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।
इतने बड़े स्तर पर चल रहा यह 'नकली घी' का कारोबार आखिर कब से जारी था?
क्या बिना मिलीभगत के यह संभव है। अब नजर पुलिस जांच पर–इस गोरखधंधे के पीछे और कौन-कौन है, जल्द हो सकता है बड़ा खुलासा।

## स्वजनगणना के लिए उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी ने ली महत्वपूर्ण बैठक

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** स्वजनगणना के कार्य को प्रभावी, पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से पूर्ण कराने के उद्देश्य से उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वजनगणना कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। उपखंड अधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि स्वजनगणना कार्य को प्राथमिकता देते हुए प्रत्येक नागरिक तक इसकी जानकारी पहुंचाई जाए तथा अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि यह कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है, अतः इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।बैठक के दौरान कार्य के सुचारू संचालन, डेटा की शुद्धता, समय पर रिपोर्टिंग एवं जनजागरूकता बढ़ाने के लिए विस्तृत रणनीति पर चर्चा की गई। साथ ही, सभी अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में सतत निगरानी रखते हुए निर्धारित लक्ष्य समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।इस अवसर पर तहसीलदार मुकेश मीणा, अधिशाषी अधिकारी उत्तम चंद्र बंसल, ब्लॉक सीएमएचओ गब्बर मीणा, सीडीपीओ अर्पित श्रीवास्तव तपेश बिधूड़ी, यादवेन्द्र सिंह तौमर, सुमित तिवारी व कामिनी श्रीवास्तव भी बैठक में मौजूद रहे। बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने स्वजनगणना कार्य को सफल बनाने के लिए पूर्ण निष्ठा, जिम्मेदारी एवं समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।

## रुपयों के लालच में साइबर अपराधियों को अपना बैंक खाता उपलब्ध कराया, तीन गिरफ्तार

### पुलिस ने ऑपरेशन म्यूल हंटर के तहत की कार्रवाई की, अब तक पांच मामले दर्ज

जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** साइबर अपराधियों को अपने बैंक खाते उपलबध करवाने वाले म्यूल खाता धारकों के खिलाफ 'ऑपरेशन म्यूल हंटर' के तहत जिले में कार्रवाई करते हुए 5 आपराधिक प्रकरण दर्ज कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जिनसे दो मोबाईल फोन, तीन एटीएम कार्ड, एक चैक बुक व दो पेन कार्ड जब्त किए गए हैं। महानिदेशक पुलिस साइबर क्राइम व तकनीकी सेवाएँ राजस्थान जयपुर की पालना में एसपी जालोर शैलेन्द्रसिंह इन्दौलिया के निर्देशानुसार जिले में विशेष ऑपरेशन 'म्यूल हंटर' के तहत कार्रवाई के तहत अति. पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह त्वरित अनुसंधान सैल, जालोर के सुपरविजन में साइबर अपराधियों को अपना बैंक खाते उपलब्ध करवाने वाले खाता धारकों एवं बिचौलिया के विरूद्ध विशेष ऑपरेशन 'म्यूल हंटर' के तहत कार्यवाही की गई है। पुलिस के अनुसार साइबर थाना जालोर की ओर से साइबर अपराध की शिकायतों के आधार पर साइबर अपराध की राशि प्राप्त करने में प्रयुक्त म्यूल बैंक खाता धारकों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही के लिए विशेष अभियान 'ऑपरेशन म्यूल हंटर' चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के दौरान साइबर अपराध में प्रयुक्त संदिग्ध म्यूल बैंक खातों में से म्यूल बैंक खाता धारक शंकरलाल पुत्र हंसाराम सरगरा निवासी मालपुरा, उम्मेदपुर की ओर से अपना बैंक खाता 10 हजार रुपए का कमीशन लेकर नारायणलाल के माध्यम से अपने बैंक खाते की पासबुक, एटीएम, चैक बुक व खाते से लिंक सिम कार्ड साइबर अपराधियों को साइबर अपराध की राशि प्राप्त करने के लिए उपलब्ध करवाना पाया गया, जिस पर बाद जांच आरोपियों के विरूद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर गहन अनुसंधान कर आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। उक्त बैंक खाते को साइबर अपराध में प्रयुक्त करने के लिए उपलब्ध करवाने वाले अन्य सहयोगियों के संबंध में गहन अनुसंधान जारी है। वहीं म्यूल बैंक खाता धारक राकेश कुमार पुत्र जेठाराम माली निवासी ताशखाना बावडी जालोर पुलिस थाना कोतवाली जालोर की ओर से अपना बैंक खाता 40 हजार रुपए का कमीशन लेकर बिचौलिया के माध्यम से अपने बैंक खाते की पासबुक, एटीएम, चैंक बुक व खाते से लिंक सिम कार्ड साइबर अपराधियों को साइबर अपराध की राशि प्राप्त करने के लिए उपलब्ध करवाना पाया गया, जिस पर बाद जांच आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर गहन अनुसंधान कर आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। उक्त बैंक खाते को साइबर अपराध में प्रयुक्त करने के लिए उपलब्ध करवाने वाले अन्य सहयोगियों के संबंध में गहन अनुसंधान जारी है। पुलिस ने इस मामले में शंकरलाल पुत्र हंसाराम सरगरा निवासी मालपुरा, उम्मेदपुर, पुलिस थाना आहोर जिला जालोर, नारायणलाल पुत्र सवाराम प्रजापत निवासी सुभाषनगर जालोर, पुलिस थाना कोतवाली व राकेश कुमार पुत्र जेठाराम माली निवासी ताशखाना बावडी जालोर पुलिस थाना कोतवाली को गिरफ्तार किया है।

## जिले में सर्वाइकल कैंसर से बचाव की मजबूत पहल, 25 चिकित्सा संस्थानों पर एचपीवी टीकाकरण उपलब्ध

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए जिले में एचपीवी टीकाकरण अभियान को तेज़ी से आगे बढ़ाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा ने बताया कि इस विशेष अभियान के तहत 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों को निःशुल्क एचपीवी वैक्सीन लगाई जा रही है, जिससे भविष्य में इस गंभीर और जानलेवा बीमारी से प्रभावी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। सीएमएचओ ने जानकारी दी कि जिले के सभी ब्लॉकों में कुल 25 चिकित्सा संस्थानों पर एचपीवी वैक्सीन की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। इसी क्रम में शनिवार को जिला अस्पताल बाड़ी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र वीरौंदा, मालोनी खुर्द, अब्दुलपुर सहित अन्य स्वास्थ्य केंद्रों पर सघन टीकाकरण सत्र आयोजित कर बालिकाओं का टीकाकरण किया गया। अभियान को अधिक प्रभावी बनाने के लिए चिकित्सा टीमों की ओर से विद्यालयों में पहुंचकर पात्र आयुवर्ग की बालिकाओं को टीकाकरण के लिए जागरूक एवं प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही अभिभावकों को भी इस टीके के महत्व के बारे में जानकारी दी जा रही है, ताकि अधिक से अधिक किशोरियां इस सुरक्षा कवच का लाभ उठा सकें। डॉ. मीणा ने बताया कि एचपीवी टीकाकरण सर्वाइकल कैंसर से बचाव का एक सशक्त माध्यम है और इसे समय पर लगवाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे अपनी 14-15 वर्ष आयु वर्ग की बेटियों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाकर टीकाकरण अवश्य करवाएं, ताकि उन्हें गर्भाशय ग्रीवा कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखा जा सके ।

## हाई रिस्क गांव घेर में सघन निरीक्षण, टीबी मुक्त भारत अभियान को तेज़ी देने के निर्देश



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले में 'टीबी मुक्त भारत अभियान' के अंतर्गत संचालित 100 दिवसीय विशेष अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में राजाखेड़ा के हाई रिस्क ग्राम 'घेर' में जिला स्तरीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला नोडल अधिकारी अनमोल खंडेलवाल व मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा ने मौके पर पहुंचकर अभियान की जमीनी प्रगति का गहन आकलन किया। निरीक्षण के दौरान अभियान की उपलब्धियों, प्रगति व सामने आ रही चुनौतियों पर विस्तार से समीक्षा की गई। राज्य स्तरीय टीम की ओर से अभियान की गति और गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। साथ ही, फील्ड स्तर पर कार्यरत स्वास्थ्य कार्मिकों के समर्पण और मेहनत की सराहना करते हुए उन्हें और अधिक सक्रियता के साथ कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. मीणा ने जिले में टीबी उन्मूलन के लिए किए जा रहे प्रयासों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि हाई रिस्क गांवों में घर-घर जाकर व्यापक स्क्रीनिंग की जा रही है। इसके अंतर्गत चेस्ट एक्स-रे, ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन, वजन एवं एचआईवी जांच जैसे महत्वपूर्ण परीक्षण शामिल हैं। साथ ही टीबी प्रिवेंशन ट्रीटमेंट, डिफरेंशिएटेड टीबी केयर, 'निक्षय मित्र' योजना के माध्यम से पोषण किट वितरण, जनप्रतिनिधियों की भागीदारी तथा मरीजों के नियमित फॉलो-अप पर विशेष फोकस किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान आगामी कार्ययोजना व रणनीतियों पर भी गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया, ताकि अभियान को और अधिक गति देकर जिले को शीघ्र टीबी मुक्त बनाया जा सके।

## जनसुनवाई में उमड़ा जनसैलाबः पूर्व विधायक महर्षि ने सुनी समस्याएं, मौके पर दिए समाधान के निर्देश



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने शनिवार को स्थानीय भाजपा कार्यालय में जनसुनवाई कर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से आई जनसमस्याओं का समाधान किया। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही, जिससे यह कार्यक्रम जनविश्वास का केंद्र बन गया। जनसुनवाई के दौरान बिजली, पानी, चिकित्सा, शिक्षा और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं। महर्षि ने कई मामलों में मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों से फोन पर बात कर समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए तथा कुछ प्रकरणों में तत्काल कार्रवाई भी सुनिश्चित करवाई। इस अवसर पर महर्षि ने कहा कि जनता की सेवा ही उनका पहला धर्म है और क्षेत्र के प्रत्येक व्यक्ति की समस्या का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करना उनका कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि आमजन को छोटी-छोटी समस्याओं के लिए भटकना न पड़े, इसके लिए प्रशासन को जवाबदेह बनाना जरूरी है। उन्होंने आगे कहा कि वे निरंतर प्रयासरत हैं कि रतनगढ़ क्षेत्र में विकास कार्य तेज गति से आगे बढ़ें और प्रत्येक नागरिक को मूलभूत सुविधाएं सुगमता से उपलब्ध हो। जनसुनवाई के दौरान सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के लोग मौजूद रहे, जिन्होंने अपनी समस्याएं रखीं और त्वरित समाधान की प्रक्रिया शुरू होने पर संतोष भी जताया।

## योग शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक शांति का मूल मंत्रःसहारण

### जिला-स्तरीय दो दिवसीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप प्रतियोगिता का शुभारम्भ



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** राजस्थान योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से आदर्श विद्या मंदिर में दो दिवसीय 7 वीं जिला-स्तरीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप प्रतियोगिता का शुभारंभ शनिवार को विधायक हरलाल सहारण ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि योग मनुष्य के शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक शांति और स्वास्थ्य जागृति का मूल मंत्र है। यह हमें अनेक बीमारियों से बचाव, शरीर में लचीलापन, और मानसिक रूप से मजबूती प्रदान करता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रभारी डॉ. सत्यनारायण झाझड़िया ने की। कार्यक्रम का आगाज ऋषिकुल ब्रह्मचार्य आश्रम के ब्रह्मचारियों ने स्वास्तिक मंत्रोच्चारण से किया। इस अवसर अतिथियों ने योगा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को मेडल व प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य किशनलाल सैनी, शिशुपाल बुडानिया, डॉ. सहीराम पूनिया, रणजीत कड़वासरा, सुभाष सहारण, अनिल रणवां, दौलतराम पूनिया, रामनिवास भाम्बू, उमा सारस्वत, राजेश वर्मा, शिव भगवान भाकर आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर सुभाष सैनी, मनोज चौधरी, डॉ. मदनसिंह राठौड़, कोड़ामल सोनी, अनिल रणवां, अंकिता महिला, दीपिका सहारण, तुलसीराम सैन व योगाचार्य शंकरलाल कटारिया ने अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। डॉ. सहीराम पूनिया ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व सैनिक अधिकारी विजय गोठवाल ने किया।

## फाइनेंस कंपनी की कुर्की के खिलाफ किसान एकजुट, तेलाप में मकान की कुर्की तोड़ी



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(निस)।** तहसील के तेलाप गांव में फाइनेंस कंपनी की ओर से कुर्क किए गए मकान की कुर्की शनिवार को अखिल भारतीय किसान सभा के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों के साथ मिलकर तोड़ दी। इस दौरान बड़ी संख्या में किसान मौके पर जुटे और कंपनी की कार्रवाई के खिलाफ विरोध जताया। हनुमानगढ़ जिलाध्यक्ष मंगेज चौधरी के नेतृत्व में पहुंचे किसान सभा के पदाधिकारियों ने कहा कि किसानों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मकान मालिक राजू रांकावत ने बताया कि उनके पिता ने वर्ष 2016 में आवास फाइनेंस कंपनी से मकान की मरम्मत के लिए 7 लाख रुपए का लोन लिया था, जिसके बदले अप्रैल 2025 तक करीब 11 लाख रुपए चुका दिए गए। इसके बावजूद कंपनी की ओर से 11 लाख रुपए और मांगे जा रहे थे। पिता की तबीयत खराब होने के कारण पिछले एक साल से किस्त जमा नहीं हो सकी, जिसके बाद कंपनी ने नोटिस भेजकर 1 मई को मकान कुर्क कर दिया। राजू ने आरोप लगाया कि कुर्की के दौरान कंपनी के कर्मचारियों ने उनकी गाय को भी घर के अंदर बंद कर दिया, जिससे वह 24 घंटे तक भूखी-प्यासी रही। किसान सभा के नेताओं ने आरोप लगाया कि फाइनेंस कंपनियां किसानों पर अनावश्यक दबाव बना रही हैं और कई राजनीतिक दलों के नेता भी इस मुद्दे पर चुप हैं। चूरू जिला संयुक्त सचिव रामनारायण रुलानिया ने कहा कि जिले में किसानों के साथ किसी भी प्रकार की ज्यादती नहीं होने दी जाएगी। इस दौरान तहसील अध्यक्ष तेजपाल गोदारा, उपाध्यक्ष सागर कांटीवाल, दीनदयाल गुलेरिया, ओमप्रकाश डूडी सहित कई किसान नेता व ग्रामीण मौजूद रहे।

# राष्ट्र निर्माण के विचारों को बढ़ावा दे मीडियाः निम्बाराम

### देवर्षि नारद जयंती पर पत्रकार सम्मान समारोह आयोजित



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक निम्बाराम ने कहा कि समाज में वास्तविक परिवर्तन सत्ता के बल पर नहीं, बल्कि जागरूकता और एकजुटता से आता है। उन्होंने पत्रकारों की भूमिका को अहम बताते हुए कहा कि समाज को शिक्षित, प्रशिक्षित और संगठित करने का दायित्व पत्रकारिता का है। मीडिया को राष्ट्र निर्माण से जुड़े सकारात्मक विचारों को बढ़ावा देना चाहिए। वे शनिवार को मालवीय नगर स्थित पाथेय कण संस्थान के देवर्षि नारद सभागार में विश्व संवाद केंद्र की ओर से आयोजित देवर्षि नारद जयंती एवं पत्रकार सम्मान समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पत्रकारिता को 'धर्म' बताते हुए कहा कि सत्यनिष्ठ, जिम्मेदार और संतुलित पत्रकारिता ही समाज में सच्ची जागृति ला सकती है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि वर्तमान समय में पत्रकारों के सामने सबसे बड़ी चुनौती तेजी के साथ सत्यता बनाए रखना है। जल्दबाजी में समाचारों में त्रुटियां होने से समाज में भ्रम और नकारात्मकता फैलती है। उन्होंने पत्रकारों से अपील की कि वे सनसनीखेज प्रस्तुति से बचते हुए जिम्मेदारी और संतुलन के साथ समाचार प्रस्तुत करें। समारोह की अध्यक्षता स्वदेश समूह के सलाहकार संपादक गिरीश उपाध्याय ने की। उन्होंने कहा कि देवर्षि नारद निर्भीकता से सत्य कहने के प्रतीक थे और यही गुण आज की पत्रकारिता में आवश्यक है। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को पत्रकारिता के सामने उभरती चुनौती बताते हुए कहा कि तकनीक के दौर में मानवीय संवेदनाओं और नैतिकता को बनाए रखना जरूरी है। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस दौरान कत्थक नृत्य की प्रस्तुति में देवर्षि नारद के जीवन और उनके योगदान को सजीव रूप में प्रस्तुत किया गया, जिसकी अतिथियों ने सराहना की। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पत्रकारों को सम्मानित भी किया गया। प्रिंट मीडिया से मदन कलाल, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से लखवीर सिंह शेखावत तथा वेब मीडिया से रामगोपाल जाट को देवर्षि नारद सम्मान से नवाजा गया। इसके साथ ही निबंध लेखन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, वरिष्ठ पत्रकार, बुद्धिजीवी व बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

## आईसीडीएस के प्रयासों से एसआरएस के माध्यम से राज्य के आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषाहार वितरण 86 प्रतिशत हुआ



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास.)** उपमुख्यमंत्री तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री दिया कुमारी ने मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना के तहत गुणवत्तापूर्ण कौशल की ट्रेनिंग दिए जाने के निर्देश दिये। उन्होंने भविष्य में एआई की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए बालिकाओं और महिलाओं को कौशल विकास के प्रशिक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि एआई के इस दौर में तकनीकी प्रशिक्षण से ही महिलाओं की आजीविका सुनिश्चित हो सकती है। उन्होंने इस हेतु महिला अधिकारिता निदेशालय द्वारा गुणवत्तापूर्ण तकनीक आधारित प्रशिक्षण दिए जाने के निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री दिया कुमारी ने शनिवार को शासन सचिवालय में उनकी अध्यक्षता तथा महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री डॉ. मंजू बाघमार की उपस्थिति में विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की आयोजित समीक्षा बैठक में उक्त निर्देश दिए। दिया कुमारी ने लाडो प्रोत्साहन योजना पर चर्चा कर पात्र लाभार्थियों को समय पर लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने काली बाई भील उड़ान योजना की समीक्षा करते हुए योजना का प्रभावी क्रियान्वयन करने के लिए आवश्यक उपाय किये जाने के निर्देश दिए। इसी के साथ उन्होंने शिक्षा सेतु योजना और मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना और मुख्यमंत्री वर्क फ्रॉम होम योजना की भी समीक्षा की। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बैठक में राज्य सरकार की बजट घोषणाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री ने आंगनबाड़ी केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं जैसे विद्युत, पेयजल और क्रियाशील शौचालय के कार्यों में तीव्र प्रगति लाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने राज्य में आंगनबाड़ी केंद्रों पर आधारभूत सुविधाएं विकसित करने हेतु निर्माण एवं मरम्मत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि जो निर्माण कार्य पूरे हो गए हैं उनका उच्चाधिकारी निरीक्षण कर भौतिक सत्यापन करें। इसी प्रकार उन्होंने प्रगतिरत कार्यों का भी निरीक्षण कर उनमें तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने लम्बित कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि इन कार्यो को शीघ्र प्रारम्भ करवाये जाने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही इस वर्ष आंगनबाड़ियों को 7 हजार 500 नए नंद घर विकसित करने के निर्देश दिए।।

## नागणेची माता मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के साथ भागवत कथा का समापन



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** तहसील के ग्राम पंचायत बिल्यूबास रामपुरा में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का रविवार को उत्साह और भक्तिभाव के साथ समापन हुआ। कथा के अंतिम दिन विधि-विधान से पूजा-अर्चना व मंत्रोच्चारण के साथ नागणेची माता की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई तथा यज्ञ में पूर्णाहुति दी गई। कथा के दौरान पंडित शास्त्री पवन कौशिक रेड़ी ने चारों वेद, पुराण, गीता व श्रीमद्भागवत महापुराण की विस्तार से व्याख्या करते हुए भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन किया और समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर कर संस्कारवान समाज निर्माण का संदेश दिया। समापन समारोह की अध्यक्षता राजेन्द्र सिंह राठौड़ ने की। इस अवसर पर उनका साफा पहनाकर व 21 किलो की माला व प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। राठौड़ ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में प्रेम, सद्भाव और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं तथा नई पीढ़ी को अपनी विरासत से जोड़ते हैं। समापन अवसर पर आयोजित भंडारे में आसपास के गांवों सहित दूर-दराज से आए हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। रात्रि में आयोजित भजन संध्या में भजन गायक कंचन बिठ्ठू देशनोक एंड पार्टी ने आकर्षक प्रस्तुतियां दीं, जिस पर श्रद्धालु झूम उठे। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान भीखम सिंह राठौड़, क्षत्रिय महासभा अध्यक्ष विक्रम सिंह बिल्यू, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश सारण, जसवंत स्वामी, सुरेश चौधरी, अजीत सिंह गोगटिया, सरपंच शीशपाल सिहाग, महेन्द्र स्वामी, जोगेन्द्र सिंह, नंदलाल सांखी, थानाधिकारी अरविंद सिंह शेखावत सहित अनेक जनप्रतिनिधि व अन्य लोग उपस्थित रहे। मंदिर अध्यक्ष बाघ सिंह ने सभी अतिथियों व श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

## विद्यालय में वार्षिकोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** स्थानीय सुभाष चौक स्थित श्री चिरंजीलाल अंबिका प्रसाद औझा आदर्श विद्या मंदिर चूरू में 2 मई को वार्षिकोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुरेश सैनी जिला व्यवस्थापक आदर्श शिक्षण संस्थान चूरू तथा विशिष्ट तिथि मुकेश प्रजापत कोषाध्यक्ष, चुन्नीलाल चौहान, पुनीत लाटा तथा विद्यालय के व्यवस्थापक हरि ओम दत्त शर्मा उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य सुशील कुमार प्रजापत ने अतिथि परिचय व स्वागत किया। विद्यालय व्यवस्थापक हरि ओम दत्त शर्मा ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। भैया बहिनों की ओर से 5 आधारभूत विषयों के ऊपर रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई। नन्हे मुन्ने शिशु वाटिका के भैया बहनों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए तथा विद्यालय की ओर से संचालित श्री विवेकानंद सरस्वती संस्कार केंद्र के भैया बहिनों की ओर से भी एक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का संचालन वृंदा औझा ने किया तथा नवीन प्रवेश लक्ष्य पूर्ण करने पर हितेश पांडेय को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा को तैयार करने में वृंदा औझा का सराहनीय सहयोग रहा उनको प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अंत में प्रधानाचार्य सुशील कुमार प्रजापत ने सभी का आभार व्यक्त किया कार्यक्रम में कुल 220 अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी भैया बहिनों को मैडल पहनाकर उनको सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ओंकारमल सराफ आदर्श विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य भंवरलाल प्रजापत, बद्री केदार धानुका आदर्श विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य नेमीचंद सैनी तथा उच्च प्राथमिक आदर्श विद्या मंदिर चूरू के प्रधानाचार्य विक्रम सिंह नाथावत तथा संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता लालचंद सर्वा तथा विद्यालय के आचार्य संजय कुमार हिमांशी शर्मा, सविता, माया,वर्षा मोदी, जीवनी, किरण व धनी देवी उपस्थित रहे।

## उपजिला अस्पताल में दवा संकटः 3 केंद्र बंद, मरीजों को 5 घंटे तक लाइनों में खड़ा रहना पड़ा

### भीषण गर्मी में कई मरीज चक्कर खाकर गिरे, बुजुर्गों व महिलाओं को सबसे ज्यादा परेशानी



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के राजकीय उपजिला चिकित्सालय में दवा वितरण व्यवस्था चरमरा गई है। संविदा फार्मासिस्टों को हटाए जाने के कारण लगातार दूसरे दिन शनिवार को भी तीन दवा केंद्र बंद रहे, जिससे मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। अस्पताल में प्रतिदिन 1500 से 2000 मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं, लेकिन वर्तमान में केवल दो दवा केंद्र ही संचालित होने से मरीजों को 4 से 5 घंटे तक लंबी लाइनों में खड़ा रहना पड़ रहा है। भीषण गर्मी के बीच घंटों इंतजार करने से कई मरीजों को चक्कर आ गए और वे जमीन पर गिर पड़े। दवा लेने आए 75 वर्षीय शंकरलाल सोनी ने बताया कि पहले बुजुर्गों के लिए अलग दवा काउंटर था, लेकिन वह भी बंद होने से उन्हें भी लंबी लाइन में लगना पड़ रहा है। वहीं समुद्र नायक ने बताया कि घंटों लाइन में खड़े रहने के बाद दवा मिल रही है और गर्मी के कारण कई मरीजों की हालत बिगड़ रही है। अस्पताल में बने पांच दवा केंद्रों में से तीन बंद पड़े हैं, जिससे व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई है। जानकारी के अनुसार, राज्य सरकार द्वारा संविदा पर नियुक्त फार्मासिस्टों को हटाए जाने के बाद नए फार्मासिस्टों की नियुक्ति अब तक नहीं हो सकी है, जिसके चलते यह स्थिति बनी हुई है। अस्पताल प्रभारी डॉ चंद्रभान जांगिड़ का कहना है कि इस संबंध में सीएमएचओ को लिखित सूचना दे दी गई है और जल्द ही फार्मासिस्टों की नियुक्ति होने पर समस्या का समाधान हो जाएगा। फिलहाल मरीजों, खासकर बुजुर्गों और महिला मरीजों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। घंटों इंतजार के बाद थककर कई मरीज जमीन पर बैठकर अपनी बारी का इंतजार करने को मजबूर हैं। अब देखना यह है कि प्रशासन कब तक इस समस्या का समाधान कर पाता है।

## खाटूश्यामजी में गेस्ट हाउस पर गुंडागर्दी- मारपीट-तोड़फोड़, 3 आरोपी हिरासत में, कई फरार

### कर्मचारियों के दल-बदल की रंजिश बनी हिंसा की वजह; पुलिस की त्वरित कार्रवाई, गेस्ट हाउस सीज



जयपुर टाइम्स

**खाटूश्यामजी(निस।** आस्था नगरी खाटूश्यामजी में शुक्रवार तड़के उस समय सनसनी फैल गई, जब दांतारामगढ़ रोड स्थित 'श्रीकृष्णम गेस्ट हाउस' में आपसी रंजिश के चलते अचानक हिंसक झड़प हो गई। सुबह करीब 5:23 बजे हुई इस घटना में बदमाशों ने गेस्ट हाउस में घुसकर जमकर मारपीट और तोड़फोड़ की, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार विवाद की जड़ कर्मचारियों के दल-बदल को लेकर चल रही पुरानी रंजिश बताई जा रही है। इसी को लेकर कुछ गेस्ट हाउस संचालकों ने कथित रूप से अवैध रूप से परिसर में घुसकर हमला बोल दिया। हमलावरों ने न केवल कर्मचारियों के साथ मारपीट की, बल्कि संपत्ति को भी भारी नुकसान पहुंचाया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमा तुरंत हरकत में आ गया। सीकर एसपी प्रवीण नायक नूनावत के निर्देश पर पुलिस उपाधीक्षक आनंद राव के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित किया। पुलिस ने मौके से साक्ष्य जुटाए और गेस्ट हाउस में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर आरोपियों की पहचान की। त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन मुख्य आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया, जबकि अन्य की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है।

**प्रशासन सख्तः गेस्ट हाउस सीजः**

घटना को गंभीरता से लेते हुए नगरपालिका प्रशासन ने भी सख्त कदम उठाए हैं। कानून-व्यवस्था को चुनौती देने और प्रशासन को धमकी देने के आरोप में हमलावर पक्ष से जुड़े गेस्ट हाउसों के खिलाफ सीजर (सीलिंग) की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

एसपी बोले–दोषियों को नहीं बख्शेंगेः

सीकर एसपी प्रवीण नायक नूनावत ने स्पष्ट कहा कि फिलहाल क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम है और स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। आरोपियों के खिलाफ सख्त धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है तथा पूरे प्रकरण की गहन जांच जारी है। उन्होंने दो टूक कहा कि अशांति फैलाने वाले किसी भी व्यक्ति को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

## ज्वॉइंट डायरेक्टर डॉ. एसएन धौलपुरिया ने लक्ष्मणगढ़ अस्पताल का किया निरीक्षण

### व्यवस्थाएं सुधारने के दिए निर्देश



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** स्वास्थ्य विभाग के ज्वॉइंट डायरेक्टर व सीकर जिले के प्रभारी डॉ. एस.एन. धौलपुरिया ने शनिवार को लक्ष्मणगढ़ जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गर्मी के मौसम को देखते हुए मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर का बारीकी से दौरा करते हुए डॉक्टर चैंबर, ट्रॉमा सेंटर, जनरल वार्ड, दवा स्टॉक रूम, लेबोरेट्री, एक्स-रे एवं सोनोग्राफी कक्ष सहित विभिन्न विभागों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने दवाइयों के स्टॉक, साफ-सफाई और मरीजों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी भी ली। डॉ. धौलपुरिया ने डॉक्टरों व स्वास्थ्य कार्मिकों के साथ बैठक कर टीबी, हीटवेव, डिहाइड्रेशन और मौसमी बीमारियों से निपटने की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि गर्मी के दिनों में मरीजों की संख्या बढ़ने की संभावना रहती है, ऐसे में अस्पताल प्रशासन पूरी तरह सतर्क और तैयार रहे। साथ ही लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान एक मरीज ने दवाइयों के वितरण को लेकर शिकायत की कि मेडिकल स्टाफ दवाइयों के संबंध में मरीज को जानकारी नहीं देता, जिससे मरीजों को परेशानी होती है। इस पर ज्वॉइंट डायरेक्टर ने तत्काल समस्या के समाधान के निर्देश दिए।वहीं, पत्रकारों की ओर से शहर के तीन आरोग्य केंद्रों पर शाम के समय स्टाफ की अनुपस्थिति का मुद्दा उठाने पर उन्होंने बीसीएमओ डॉ. दिनेश कस्बा से चर्चा कर केंद्रों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि लक्ष्मणगढ़ में नए जिला अस्पताल भवन का निर्माण कार्य प्रगति पर है। वर्तमान भवन में स्थान की कमी के बावजूद अस्पताल प्रशासन बेहतर सेवाएं देने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जयपुर स्तर पर भी प्रयास कर नए भवन का कार्य शीघ्र पूर्ण कर अस्पताल को हस्तांतरित कराया जाएगा।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।